www.anokhateer.com
anokhateer@gmail.com
पंजीयन क्रमांक-एमपीएचआईएन 69306/1998

Epaper

दैनिक
हरदा एवं नर्मदापुरम् से एक साथ प्रकाशित
# अनोखा तीर
निशाने पर हर खबर

22 अप्रैल 2026
हरदा, बुधवार
वर्ष-15, अंक - 313, पृष्ठ-8
मूल्य- 2 रुपए
वैशाख शुक्ल पक्ष - 5
विक्रम संवत् 2083

### कांग्रेस और डीएमके ने देश के साथ तमिलनाडु की बहनों का अधिकार भी छीना है

## यह चुनाव परिवारवाद के खिलाफ और नारियों के सम्मान के लिए है : मोहन यादव

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को तमिलनाडु के नमक्कल जिले के राशिपुरम विधानसभा से एनडीए प्रत्याशी डॉ. प्रेम कुमार एवं तिरूपुर जिले के अविनाशी विधानसभा में केंद्रीय मंत्री व एनडीए प्रत्याशी डॉ. एल मुरूगन के समर्थन में रोड शो एवं अविनाशी विधानसभा में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि तमिलनाडु की बहनें नारी शक्ति वंदन अधिनियम का विरोध करने वाली कांग्रेस व डीएमको को सबक सिखाएं। तमिलनाडु की जनता का उत्साह बता रहा है कि यहां विकास व सुशासन का कमल खिलेगा। नारी शक्ति वंदन अधिनियम का विरोध कर कांग्रेस और डीएमके पार्टी ने देशभर के साथ तमिलनाडु की बहनों का भी अधिकार छीना है। तमिलनाडु विधानसभा का यह चुनाव परिवारवाद से खिलाफ और नारी सम्मान के समर्थन का है। जनता का उत्साह बता रहा है कि तमिलनाडु परिवर्तन के लिए तैयार है। भाजपा तमिलनाडु में ऐतिहासिक बहुमत से सरकार बनाएगी।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि तमिलनाडु देश में मंदिरों की राजधानी है। जब भी कोई सनातन पर्व होता है, तमिलनाडु की डीएमके की भ्रष्टाचार में डूबी सरकार कर्फ्यू लगाकर हमारी धार्मिक यात्राओं में शामिल श्रद्धालुओं व आमजन पर डंडे बरसाती है। विधानसभा चुनाव में तमिलनाडु की जनता डीएमके को सबक सिखाए। जनता का उत्साह और उमंग देखकर अम्मा जयललिता के उस विचार की भारी विजय होने वाली है, जिसके नेतृत्व में एनडीए चुनाव लड़ रहा है। कांग्रेस और डीएमके पार्टी ने गठजोड़ कर नारी शक्ति वंदन अधिनियम का विरोध इसलिए किया कि महिला नेतृत्व आगे न आ सके। कांग्रेस और डीएमके इसलिए महिलाओं का विरोध कर रही हैं कि कहीं 'अम्मा' जे. जयललिता जैसा महिला नेतृत्व समाज की सेवा के लिए आगे न आने पाए। 'अम्मा' जे जयललिता महिलाओं के साथ हर समाज वर्ग के कल्याण के लिए हमेशा संकल्पित थीं। कांग्रेस और डीएमके ऐसे राजनीतिक दल हैं जो गरीब परिवार की बेटियों को राजनीति में सक्रिय नहीं होने देना चाहते हैं।



### रोड-शो में उमड़ा जनसमूह, नारों से गूंजा क्षेत्र, मुख्यमंत्री ने किया अभिवादन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नमक्कल जिले के राशिपुरम एवं तिरूपुर जिले के अविनाशी विधानसभा में रोड शो कर एनडीए प्रत्याशियों के लिए जनता का आशीर्वाद मांगा। मुख्यमंत्री के रोड शो में हजारों की संख्या में जनसमूह उमड़ा पड़ा। सड़क के दोनों ओर हजारों की संख्या में एनडीए कार्यकर्ता व आमजन ने रोड शो पर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया।

### कांग्रेस-डीएमके परिवारवादी पार्टियां, एनडीए में सामान्य कार्यकर्ता मुख्यमंत्री-प्रधानमंत्री बनते हैं

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि कांग्रेस और डीएमके परिवारवादी पार्टियां हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में एनडीए में सामान्य कार्यकर्ता मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के पद पर पहुंचते हैं। एनडीए सरकारों द्वारा गरीब, निर्धन, सामान्य और हर समाज वर्ग के कल्याण के लिए कार्य किया जा रहा है। आप सभी देवतुल्य जनता एनडीए प्रत्याशियों को भारी मतों से विजयी बनाकर तमिलनाडु में एनडीए की सरकार बनाएं। एनडीए पूरे प्रदेश में विकास की गंगा बहा देगी। उन्होंने कहा कि जब तक एक-एक वोट भाजपा व एनडीए प्रत्याशियों के समर्थन में न पड़ जाए कार्यकर्ता चौकन्ना रखें। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के हृदय में तमिलनाडु और तमिल संस्कृति का विशेष स्थान है। केंद्र सरकार तमिलनाडु के विकास के लिए संकल्पित होकर केंद्र सरकार निरंतर सहयोग प्रदान कर रही है। आप सभी भाजपा-एनडीए प्रत्याशियों को भारी मतों से विजयी बनाकर तमिलनाडु में कमल खिलाएं।

### डीएमके-कांग्रेस ने तमिलनाडु की बहनों के विकास का रास्ता रोका

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम का विरोध करके डीएमके और कांग्रेस ने तमिलनाडु की बहनों के विकास का रास्ता रोका है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश में विकास और सुशासन का माहौल बना हुआ है। उसकी झलक आज तमिलनाडु में दिखाई दे रही है। कांग्रेस सहित संपूर्ण विपक्षी दलों ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम का विरोध किया, देश की जनता उससे आक्रोशित है। तमिलनाडु में निश्चित रूप से कमल खिलेगा और सुखद परिणाम सामने आएंगे। प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन से एनडीए को विजय प्राप्त होगी और तमिलनाडु में एनडीए की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने नारी सम्मान के लिए लड़ाई लड़ी है। गरीब और आम आदमी मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री बने, यह एनडीए की सोच है। लेकिन कांग्रेस और डीएमके में ऐसा नहीं है, दोनों ही परिवारवादी पार्टियां हैं। कांग्रेस और डीएमके ने विधानसभा और लोकसभा में महिला आरक्षण बिल का विरोध किया। अगर यह संशोधित बिल पास हो जाता तो तमिल बहनों के लिए सांसद, विधायक और मंत्री बनने का अवसर बढ़ जाता।

## पारिवारिक संस्कृति व प्रेम, शांति, सद्भावना रथ को मुख्यमंत्री ने दिखाई हरी झण्डी

### प्रेम, शांति और विश्व बंधुत्व का संदेश लेकर गांव-गांव तक पहुंचेगा दिव्य रथ

**भोपाल (नप्र)।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रीवा में ब्रह्माकुमारी संस्थान द्वारा संचालित किए जा रहे पारिवारिक संस्कृति व प्रेम, शांति एवं नशामुक्ति का संदेश जन-जन तक पहुंचेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जनजागृति रथ में स्थापित 12 ज्योतिर्लिंगों के दिव्य स्वरूपों की



सद्भावना रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह अभियान समाज में प्रेम, शांति और भाईचारे की भावना को सशक्त करेगा तथा प्रदेश में सकारात्मक परिवर्तन लाएगा। प्रेम, शांति और विश्व बंधुत्व का संदेश लेकर गांव-गांव तक भ्रमण करने वाले रथ से एकता, प्रेम, सद्भावना व पूजा-अर्चना की। रीवा के राजनिवास सर्किट हाउस में उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने ब्रह्माकुमारी संस्थान द्वारा चलाए जा रहे जन जागरण अभियान की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह पावन और आध्यात्मिक कार्य प्रदेश में विश्व बंधुत्व की भावना जागृत करने में सहायक सिद्ध होगा।

### आज मुख्यमंत्री करेंगे गोपालपुर भेड़ाघाट स्थित विश्वात्मा इंस्टिट्यूट का उद्घाटन

जबलपुर के गोपालपुर भेड़ाघाट स्थित विराट हॉस्पिस प्रांगण में बुधवार शाम 5 बजे विश्वात्मा इंस्टिट्यूट ऑफ़ रेडियोथेरेपी और ट्रीटमेंट का उद्घाटन होगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कैबिनेट मंत्री राकेश सिंह करेंगे। विशिष्ट अतिथियों में राज्यसभा सांसद श्रीमती सुमित्रा वाल्मिक, सांसद आशीष दुबे, सांसद डॉ. राजेश मिश्रा, महापौर जगत बहादुर सिंह अनु और विधायक नीरज सिंह शामिल होंगे। गौ सेवक प्रकोष्ठ के संयोजक पेज खान मुख्य वक्ता के रूप में अपने विचार प्रस्तुत करेंगे।

## प्रदेश में तेज गर्मी, मैहर में 5वीं तक स्कूल बंद

### भोपाल समेत 9 शहरों में गर्म लू चलने का अलर्ट, इंदौर-ग्वालियर में पारा 42 डिग्री के पार



**भोपाल (नप्र)।** मध्यप्रदेश में भीषण गर्मी पड़ रही है। लोग घर से बहुत जरूरी होने पर ही निकल रहे हैं। लड़कियां धूप से बचने के लिए मुंह पर कपड़ा बांधकर निकल रही हैं। मध्यप्रदेश में गर्मी का असर अब दिन के साथ-साथ रातों में भी साफ दिखने लगा है। कई शहरों में तापमान 42 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है। मौसम विभाग ने भोपाल समेत 9 जिलों में पहली बार 'वॉर्म नाइट' का अलर्ट जारी किया है।

इसी बीच भीषण गर्मी को देखते हुए मैहर जिले में प्री-प्राइमरी से कक्षा 5वीं तक के सभी स्कूलों में 21 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 तक अवकाश घोषित कर दिया गया है। मैहर कलेक्टर बिदिशा मुखर्जी ने यह आदेश बच्चों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए जारी किया है। यह आदेश शासकीय, अशासकीय, सीबीएसई और केंद्रीय विद्यालयों सहित सभी मान्यता प्राप्त स्कूलों पर लागू रहेगा।

वहीं कक्षा 6वीं से 12वीं तक की कक्षाएं सुबह 7:30 से 12:30 बजे तक पूर्ववत जारी रहेंगी और शिक्षक दोपहर 1:30 बजे तक स्कूल में उपस्थित रहेंगे।

### वॉर्म नाइट अलर्ट क्या है?

मौसम विभाग के अनुसार, जब रात का न्यूनतम तापमान सामान्य से काफी ज्यादा हो जाता है, तो उसे 'वॉर्म नाइट' कहा जाता है। यह स्थिति तब बनती है जब रात का तापमान सामान्य से 4.5 से 6.4 डिग्री सेल्सियस तक अधिक हो और दिन का तापमान 40 डिग्री या उससे ऊपर बना रहे।

## 27 अप्रैल को एमपी विधानसभा का विशेष सत्र

### नारी शक्ति वंदन पर होगी चर्चा

**भोपाल (नप्र)।** मध्यप्रदेश विधानसभा का विशेष सत्र 27 अप्रैल को बुलाया गया है। विधानसभा सचिवालय की ओर से इसे लेकर अधिसूचना जारी कर दी गई है। इस विशेष सत्र में 'नारी शक्ति वंदन' से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। इससे पहले रविवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विशेष सत्र बुलाने की जानकारी दी थी। उन्होंने कहा था कि महिलाओं से जुड़े इस महत्वपूर्ण विषय पर विधानसभा में विस्तृत चर्चा की जाएगी।

## टैंकर ने कार को टक्कर मारी 4 लोगों की मौत, 3 घायल

**बड़वानी (नप्र)।** बड़वानी में जुलवानिया टोल प्लाजा के पास तेज रफ्तार टैंकर ने कार को सामने से टक्कर मार दी। हादसे में 3 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। एक ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया, 3 घायल हैं। सभी बारात में शामिल होने के बाद लौट रहे थे। हादसे में कार बुरी तरह टूट-फूट गई है। पुलिस इसमें फंसे लोगों को करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद निकाल पाई।

### डीजल लेकर जुलवानिया से लौट रही थी कार

प्राथमिक जानकारी के मुताबिक, जलगौन से एक बारात राजपुर आई थी। इसमें शामिल एक गाड़ी का डीजल खत्म हो गया। इसमें सवार युवक दूसरी कार से डीजल लेने जुलवानिया गए थे। लौटते समय टोल प्लाजा के पास खरगोन की तरफ से आ रहे तेज रफ्तार टैंकर ने उनकी कार को सामने से टक्कर मार दी।



### टैंकर छोड़कर भागा ड्राइवर, तलाश रही पुलिस

हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए तीन लोगों को प्राथमिक इलाज के बाद बड़वानी जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहां डॉक्टरों की टीम उनका इलाज जारी है।पुलिस ने बताया कि हादसे के बाद ड्राइवर टैंकर छोड़कर भाग गया। पुलिस ने टैंकर जब्त कर लिया है। फरार ड्राइवर की तलाश की जा रही है।

## न्यू मार्केट में लेंसकार्ट शोरूम घेरा, तिलक-कलावा पर बवाल

### हिंदू संगठनों ने कर्मचारियों को तिलक लगाया, बोले- सनातन का अपमान, नहीं सहेगा हिंदुस्तान

**भोपाल (नप्र)।** भोपाल के न्यू मार्केट रोशनपुरा में ड्रेस कोड के खिलाफ लेंसकार्ट शोरूम के बाहर हिंदू उत्सव समिति के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने कर्मचारियों को तिलक लगाया, मंत्रोच्चार के साथ कलावा बांधा। कहा- सनातन का अपमान, नहीं सहेगा हिंदुस्तान। हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी ने कहा कि संगठन लेंसकार्ट के बहिष्कार का आह्वान कर रहा है। यह हिंदुस्तान है, यहां तिलक, कलावा और बिंदी का सम्मान होना चाहिए। अगर कंपनी ने इन पर रोक लगाने की कोशिश की, तो इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।




### सनातन धर्म के प्रतीकों का अपमान हुआ

उन्होंने कॉरपोरेट कंपनियों से कहा- सनातन धर्म के प्रतीकों का अपमान हुआ, तो सख्त विरोध किया जाएगा। भले ही कंपनी के सीईओ पीयूष बंसल ने माफी मांगी हो, लेकिन संगठन इसे स्वीकार करने को तैयार नहीं है। अगर हमने कंपनी को ऊंचाइयों तक पहुंचाया है, तो जरूरत पड़ने पर उसे नीचे भी ला सकते हैं।

### मप्र के ऑनलाइन प्रशिक्षण मॉडल को अन्य राज्यों ने अपनाया

## लोक सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए नवाचार जरूरी : मंत्री काश्यप

**भोपाल (नप्र)।** सिविल सेवा दिवस समारोह-सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री श्री चैतन्य काश्यप ने कहा है कि लोकहित कार्यों के बेहतर परिणामों के लिए लोक सेवाओं की गुणवत्ता में निरंतर सुधार होते रहना चाहिए। जिन्होने लोक सेवा का संकल्प लिया है उन्हें गहन चिंतन और निरंतर आत्मविश्लेषण की आवश्यकता होती है। मंत्री श्री काश्यप मंगलवार को आसीवीपी नरोन्हा प्रशासन अकादमी में आयोजित सिविल सेवा दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे।

मंत्री श्री काश्यप ने कहा कि लोक सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए नवाचार की आवश्यकता होती है। लोक महत्व की सेवाओं तक सभी हितग्राही लोगों की पहुंच आसान होना चाहिए। उन्होने भारतीय सिविल सेवा की स्थापना में सरदार वल्लभ भाई पटेल के योगदान का स्मरण करते हुए कहा कि भारत जैसे विविधताओं वाले देश में सिविल सेवा की स्थापना एक अभूतपूर्व कार्य था। उन्होने कहा कि भारत की सिविल सेवा हर प्रकार से मजबूत है। वास्तविक अर्थ में इसका स्टील फ्रेम है। उन्होने कहा कि कोरोना संकट में कई देशों में प्रशासनिक सेवाओं के तंत्र चरमरा गये थे लेकिन भारत में पूरी दक्षता और क्षमता से सिविल सेवा तंत्र ने काम किया और सेवाएं दी। उन्होने कहा कि योग्यता, संस्कार और समर्पण के संगम से यह संभव हो पाया।



मंत्री श्री काश्यप ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व और मार्गदर्शन में विकसित भारत के निर्माण में मध्यप्रदेश निरंतर अपना योगदान देने के लिए तैयार है। आज मध्यप्रदेश बीमारू राज्य की श्रेणी से बाहर आकर विकासशील प्रदेश बन चुका है और तेजी से विकास कर रहा है। उन्होने कहा कि जन सुनवाई जैसी प्रशासनिक व्यवस्थाएं प्रभावी सिद्ध हुई हैं।

मंत्री श्री काश्यप ने वर्ष 2024-25 के लिए नागरिक सेवा, शिक्षा एवं मानव संसाधन, सामाजिक समावेश और स्वास्थ्य एवं पोषण सेवा श्रेणियों में नवाचार और उत्कृष्ट सेवाओं के लिये नौ विभागों के अधिकारी-कर्मचारी और मार्गदर्शी लोकसेवकों को मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार से सम्मानित किया।

मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन ने लोक सेवकों को बधाई देते हुए कहा कि लोक सेवा दिवस आत्मपरीक्षण कर नये संकल्पों के साथ आगे बढ़ने का अवसर है। उन्होने कहा कि साढे नौ लाख अधिकारी-कर्मचारी आई गाट पोर्टल पर रजिस्टर हुए यह अत्यंत सराहनीय है।

|| पंचम पुण्यतिथि ||



स्व. श्री हरीश शर्मा
देवलोक गमनः 22/04/2021

आपके स्नेह और वात्सल्य की छांव से हम अब वंचित जरूर है,
लेकिन जिंदगी के इस सफर में आपका आशीष ही हमारा संबल है
नहीं डगमगाता है हमारा विश्वास क्योंकि आप आज भी है हमारे पास....

पंचम पुण्यतिथि पर अश्रुपूरित श्रद्धासुमन अर्पित

श्रद्धावनत्...

शर्मा (चौधरी) परिवार एवं
मॉडल पब्लिक स्कूल परिवार, हरदा

ओंकारेश्वर में 5 दिवसीय एकात्म पर्व संपन्न

# ओंकारेश्वर अद्वैत दर्शन का विश्व स्तरीय केंद्र बनेगा : संस्कृति मंत्री श्री लोधी



● आचार्य शंकर के विचारों को जनजन तक पहुंचाएं शंकर दूतः स्वामी अवधेशानंद गिरि

**अनोखा तीर, खंडवा।**

आचार्य शंकर सांस्कृतिक एकता न्यास और मध्य प्रदेश शासन के संस्कृति विभाग द्वारा आदिगुरु शंकराचार्य के प्रकटोत्सव वैशाख शुक्ल पंचमी के उपलक्ष्य में ओंकारेश्वर के मांधाता पर्वत पर स्थित एकात्म धाम में एकात्म पर्व का पंच दिवसीय भव्य आयोजन मंगलवार को संपन्न हो गया। समापन दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में जूनापीठाधीश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरी, चिन्मय मिशन के स्वामी तेजोमयानंद सरस्वती प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के मंत्री तथा खंडवा जिले के प्रभारी मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी, स्वामी पुन्यानंद गिरी महाराज वाराणसी, श्री मां पूर्णप्रज्ञा, महंत मंगलदास त्यागी, स्वयं प्रकाशानंद गिरि महाराज, वेंकटेश्वर वेद विज्ञान पीठम् के प्राचार्य ब्रह्मर्षि कुप्प शिव सुब्रमण्यम अवधानी, गुजरात के शिक्षाविद गौतम भाई पटेल सहित विभिन्न सतंजन मौजूद थे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने जगतगुरु आदिशंकराचार्य के चित्र पर पुष्प वर्षा और माल्यार्पण कर किया। कार्यक्रम में गुजरात के शिक्षाविद गौतम भाई पटेल और चिन्मय मिशन के स्वामी तेजोमयानंद सरस्वती को शंकर अलंकरण सम्मान प्रदान किया गया। कार्यक्रम में संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री श्री लोधी ने कहा कि ओंकारेश्वर में लगभग 2400 करोड रुपए लागत से अद्वैत लोक का निर्माण शुरू हो चुका है। ओंकारेश्वर एकात्मकता के अंतरराष्ट्रीय केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। प्रभारी मंत्री श्री लोधी ने कहा कि ओंकारेश्वर में आचार्य शंकर की 108 फीट ऊंची एकात्मता की मूर्ति, शंकर संग्रहालय और अंतर्राष्ट्रीय अद्वैत वेदांत संस्थान की स्थापना का कार्य तीव्र गति से जारी है। उन्होंने कहा कि जनवरी से अप्रैल 2027 तक आदि शंकराचार्य के जन्म स्थान कालड़ी, केरल से केदारनाथ तक लगभग 17 हजार किलोमीटर की एकात्म यात्रा आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि ओंकार पर्वत पर 38 हेक्टेयर क्षेत्र में 40 हजार पौधे लगाकर अद्वैत वन विकसित किया जा रहा है। प्रभारी मंत्री श्री लोधी ने इस अवसर पर कहा कि अद्वैत लोक में डिजिटल लाइब्रेरी का निर्माण किया जाएगा, जिसमें आदि शंकराचार्य रचित प्राचीन ग्रंथों की डिजिटल पांडुलिपि उपलब्ध रहेगी। ओंकारेश्वर में लेजर एंड साउंड शो शुरू किया जाएगा, जिसमें संध्या काल में नर्मदा तट पर आदिशंकराचार्य के जीवन दर्शन पर केंद्रित जानकारी श्रद्धालुओं को दी जाएगी। प्रभारी मंत्री श्री लोधी ने इस अवसर पर कहा कि ओंकारेश्वर में मांधाता पर्वत पर बनने वाले अद्वैत लोक में ध्यान और साधना का केंद्र भी स्थापित किया जाएगा। अद्वैत लोक में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। चित्रकला, मूर्ति कला और संगीत पर आधारित कार्यशालाएं आयोजित होंगी। उन्होंने कहा कि ओंकारेश्वर आने वाले श्रद्धालु और पर्यटक यहां से केवल सेल्फी लेकर ही नहीं जाएंगे, बल्कि एकात्मक का ज्ञान लेकर भी जाएंगे। प्रभारी मंत्री श्री लोधी ने इस अवसर पर कहा कि आदि शंकराचार्य के उपदेश आज भी प्रासंगिक हैं। उन्होंने कहा कि एकात्म पर्व आयोजन का उद्देश्य यह है कि जगतगुरु आदिशंकराचार्य की शिक्षाएं और उपदेश घर-घर तक पहुंचे। कार्यक्रम में संबोधित करते हुए श्री स्वामी अवधेशानंद जी गिरी ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के साथ-साथ पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का भी आभार प्रकट किया जिन्होंने ओंकारेश्वर में एकात्म धाम की स्थापना का मार्ग प्रशस्त किया। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश सरकार एकात्म धाम और अद्वैत लोक की स्थापना के लिए बधाई की पात्र है। स्वामी अवधेशानंद गिरि ने अपने वक्तव्य में एकात्मता के वैश्विक संदेश को प्रसारित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है जब शंकरदूत केवल भारत तक सीमित न रहें, बल्कि आचार्य शंकर भगवत्पाद का संदेश लेकर विश्व के प्रत्येक कोने तक पहुँचें। कार्यक्रम के अंत में स्वामी अवधेशानंद गिरि ने उपस्थित गणमान्य नागरिकों को एकात्मता का संकल्प भी दिलाया।







इससे पूर्व स्वागत भाषण और न्यास की प्रस्तावना देते हुए उप मुख्य कार्यपालन अधिकारी, आचार्य शंकर सांस्कृतिक एकता न्यास डॉ. शैलेन्द्र मिश्रा ने कहा कि ओंकारेश्वर को एकात्मता के वैश्विक केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। कार्यक्रम में वीडियो संदेश के माध्यम से जगद्गुरु श्रृंगेरी शंकराचार्य विधुशेखर भारती के आशीर्वचन भी प्राप्त हुए, उन्होंने कहा कि ऐसे प्रकल्पों की आज अत्यंत आवश्यकता है, जो आदि शंकराचार्य के विचारों को वैश्विक स्तर तक पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि आदि शंकराचार्य ने पूरे भारत को एक सूत्र में बांधने के लिए चारों दिशाओं में 4 पीठों की स्थापना की, जहां से एकता और अद्वैत का संदेश प्रसारित हुआ। स्वामी तेजोमयानंद सरस्वती ने इस अवसर पर अपने विचार रखते हुए कहा कि यदि शंकराचार्य का प्राकट्य न हुआ होता, तो मानव अज्ञान के अंधकार में ही डूबा रहता। दक्षिणामूर्ति मठ, वाराणसी के प्रमुख स्वामी पूर्णानंद गिरि ने अद्वैत वेदांत की परंपरा और उसके साधना पक्ष को स्पष्ट करते हुए कहा कि जब वर्तमान समय में पूरी दुनिया विनाश की कगार पर खड़ी है, तब भी भारत विश्व में सुख और शांति का अनुभव कर रहा है। यह शंकराचार्य जैसे महान संतों के चरण विन्यास और उनके प्रभाव का ही फल है कि इस भूमि ने पवित्रता प्राप्त की है, और आज के समय में भी हम शांति की अनुभूति कर रहे हैं जो कोई साधारण बात नहीं है। स्वामिनी सद्विद्यानंद सरस्वती ने सभी सत्रों का सार प्रस्तुत करते हुए अद्वैत की समृद्ध परंपरा और विभिन्न संप्रदायों के योगदान को रेखांकित किया।

### नर्मदा तट पर 700 से अधिक युवा 'शंकरदूत' के रूप में दीक्षित हुए

वैशाख शुक्ल पंचमी पर जूनापीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि एवं अन्य संतों की उपस्थिति में मंगलवार को प्रातः 6 बजे नर्मदा तट पर आयोजित दीक्षा समारोह में देश-विदेश के 700 से अधिक युवा 'शंकरदूत' के रूप में दीक्षित हुए।



## एकात्म पर्व समापन पर विधायक ने पहुंचकर लिया संतों का आशीर्वाद

**अनोखा तीर, खंडवा।**

आदि शंकराचार्य की तपोभूमि ओंकारेश्वर में आयोजित एकात्म पर्व धार्मिक और सामाजिक उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में देशभर से आए संतों के सान्निध्य और जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति से आयोजन का महत्व बढ़ा। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि उद्घाटन अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव उपस्थित रहे, वहीं समापन अवसर पर संस्कृति, पर्यटन एवं धार्मिक न्यास मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी सहित कई जनप्रतिनिधि शामिल हुए। खंडवा विधायक कंचन मुकेश तनवे ने समापन अवसर पर पहुंचकर स्वामी अवधेशानंद गिरी से भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

साथ ही मंगलदास महाराज और नजर निहाल बापू से भी आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक नारायण पटेल सहित अन्य जनप्रतिनिधि और पदाधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान राजपाल सिंह तोमर, धर्मेंद्र बजाज, दुर्गेश पंडित, सेवादास पटेल, राजेश तिवारी, सुनील जैन सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। विधायक कंचन तनवे



ने कहा कि ओंकारेश्वर जैसे पावन तीर्थ स्थल पर इस प्रकार के आयोजन समाज को धर्म और संस्कृति से जोड़ने का कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार तीर्थ स्थलों के विकास के लिए लगातार प्रयासरत है, जिससे नई पीढ़ी को संस्कारों से जोड़ा जा सके।

## अक्षय तृतीया पर सामूहिक विवाहों की धूम, सैकड़ों जोड़े परिणय सूत्र में बंधे

**अनोखा तीर, खंडवा।** अक्षय तृतीया पर्व पर जिलेभर में बड़े पैमाने पर सामूहिक विवाह समारोह आयोजित हुए, जिनमें सैकड़ों जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। यह पर्व बिना मुहूर्त के शुभ कार्यों के लिए विशेष माना जाता है, जिसके चलते दो दिनों तक जिले में धार्मिक उत्साह का वातावरण बना रहा। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि जिले के विभिन्न समाजों द्वारा सामूहिक विवाह समारोह आयोजित किए गए।



खंडवा में नार्मदीय ब्राह्मण समाज, गौड़ मालवीय ब्राह्मण समाज तथा सिहाड़ा में मालाकार समाज सहित अन्य समाजों के कार्यक्रम सम्पन्न हुए। इन आयोजनों में विधायक कंचन मुकेश तनवे शामिल हुईं और वर-वधुओं को आशीर्वाद देते हुए उनके सुखद दांपत्य जीवन की कामना की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सामूहिक विवाह के माध्यम से गरीब परिवारों की बेटियों का विवाह कम खर्च में व्यवस्थित रूप से संपन्न हो जाता है, जो समाज के लिए एक सराहनीय पहल है। उन्होंने आयोजकों को इस पुण्य कार्य के लिए धन्यवाद भी दिया। विधायक ने विभिन्न समाजों को सामूहिक विवाह के लिए 51-51 हजार रुपए की सहायता राशि प्रदान की। कार्यक्रमों में धर्मेंद्र बजाज, राजेश डोंगरे, हरीश कोटवाले, सुनील जैन, दुर्गेश शर्मा, हरीश सेन, श्याम फुलमाली, ऋरंगी उपाध्याय, अनीस अरझरे, भावेश बिल्लौरै, बलदेव मौर्य, यशदीप चौरे, मंगलेश शर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### जेसीआई ने पशुओं के लिए लगाईं पानी की टंकियां




**अनोखा तीर, खंडवा।** जेसीआई द्वारा भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए गौ माता एवं अन्य आवारा पशुओं के लिए शहर में पानी की टंकियां स्थापित की गईं। इस पहल का उद्देश्य गर्मी के मौसम में बेजुबान जानवरों को पीने के पानी की सुविधा उपलब्ध कराना है। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि जेसीआई लंबे समय से समाजसेवा के कार्यों में सक्रिय है। पूर्व अध्यक्ष नागेश वालंजकर के अनुसार यह सेवा कार्य पिछले सात वर्षों से लगातार किया जा रहा है, जिसके तहत अब तक 150 से अधिक टंकियां शहर में स्थापित की जा चुकी हैं। अध्यक्ष मनन सोनी ने बताया कि इस वर्ष शहर के विभिन्न स्थानों पर 11 नई पानी की टंकियां रखवाई गई हैं, ताकि पशु-पक्षियों को पानी की कमी न हो। स्थानीय नागरिकों को भी टंकियों के रखरखाव के लिए प्रेरित किया जा रहा है, जिसमें लोग सहयोग के लिए आगे आ रहे हैं। कार्यक्रम में रणवीर सिंह चावला, सुनील जैन, अनिल बाहेती, नागेश वालंजकर, विकास मित्तल, हेमंत मूंदड़ा, जतिन हिंगोरानी, प्रिंस जिंदल, रुद्राक्ष चौहान, काव्यांश जोशी, पावन माहेश्वरी, आयुष पाटोदी, मोहनीश साहू, प्रशांत मोदी, सुनील सोनी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### वन भूमि अतिक्रमण पर तीन आरोपी जिला बदर

**अनोखा तीर, खंडवा।** आमाखजूरी क्षेत्र में वन भूमि पर अतिक्रमण और शासकीय कार्य में बाधा के मामले में कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी ऋषव गुप्ता ने तीन आरोपियों को एक वर्ष के लिए जिला बदर करने के आदेश जारी किए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना पिपलोद अंतर्गत ग्राम आमाखजूरी टांडा निवासी मोवासिंग, प्रेमसिंग और घूमसिंग के विरुद्ध वन मंडलाधिकारी सामान्य वनमंडल खंडवा द्वारा रिपोर्ट प्रस्तुत की गई थी। रिपोर्ट में आरोपियों पर वन भूमि पर अतिक्रमण करने, वन अमले पर जानलेवा हमला करने तथा शासकीय कार्यों में बाधा उत्पन्न करने के आरोप लगाए गए थे। आदेशानुसार तीनों आरोपी आगामी एक वर्ष तक खंडवा जिले के साथ ही बुरहानपुर, खरगोन, देवास, बेतूल, हरदा और इंदौर जिलों की सीमाओं में प्रवेश नहीं कर सकेंगे।

### शक्कर तालाब की मिट्टी किसान निःशुल्क ले सकेंगे

**अनोखा तीर, खंडवा।** नगर निगम आयुक्त श्रीमती प्रियंका राजावत ने जानकारी दी कि शक्कर तालाब की उपजाऊ मिट्टी किसान निःशुल्क ले जा सकते हैं। इसके साथ ही ईंट भट्टा संचालक और मूर्ति निर्माता भी इस मिट्टी का उपयोग कर सकेंगे। मिट्टी लेने के इच्छुक लोगों को नगर निगम कार्यालय में कार्यालयीन समय में संपर्क कर पूर्व सूचना देना आवश्यक होगा, ताकि उन्हें खुदाई के लिए निर्धारित स्थान बताया जा सके।

## समयावधि समीक्षा बैठक में विकास कार्यो पर जोर

**अनोखा तीर, खरगोन।**



जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मिलिंद कुमार नागदेवे की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागृह में समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनगणना, गेहूं उपार्जन, पेयजल, स्वास्थ्य, जल संरक्षण सहित विभिन्न विभागीय योजनाओं की प्रगति की विस्तार से समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में निर्देश दिए गए कि उपार्जन केंद्रों पर किसानों के लिए पेयजल, छाया और टेंट की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत नगर पालिकाओं, जनपद पंचायतों और प्रमुख हाट-बाजारों में स्थायी पेयजल व्यवस्था करने तथा स्कूल-कॉलेजों में रूफ हार्वेस्टिंग कार्य शीघ्र शुरू करने के निर्देश दिए गए। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा में एचपीवी टीकाकरण को शीघ्र पूर्ण करने, वहीं कृषि विभाग को ई-प्रणाली के माध्यम से शत-प्रतिशत उर्वरक वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। फॉर्मर रजिस्ट्री से जुड़े लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण पर भी जोर दिया गया। संबल योजना के तहत लंबित प्रकरणों पर जनपद पंचायत गोगावां और महेश्वर के अधिकारियों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए समय-सीमा का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए गए। बैठक में सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ योजनाओं का लाभ समय पर हितग्राहियों तक पहुंचाने के निर्देश दिए गए। इस दौरान हेमलता सोलंकी, आकांक्षा अग्रवाल, अनिल जैन, सत्येंद्र बैरवा, लोकेश छापरे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे, जबकि कई अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से जुड़े।



### जल गंगा संवर्धन अभियान से जल संरक्षण को मिली गति

**अनोखा तीर, खरगोन।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिले में जल संरक्षण एवं संवर्धन के लिए व्यापक कार्य किए जा रहे हैं। नदियों के उद्गम स्थलों से लेकर तालाब, बांध और नालों की साफ-सफाई, श्रमदान, वृक्षारोपण और जनजागरूकता गतिविधियों के माध्यम से अभियान को जनआंदोलन का रूप दिया गया है। विकासखंड झिरन्या के महादेव पर्वत, मालगांव में वैदा, कुंडा, सुक्ता और ताप्ती नदियों के उद्गम स्थलों पर श्रमदान कर साफ-सफाई की गई। जल स्रोतों के संरक्षण के लिए कुंडों का संरक्षण, सूचना बोर्ड लगाए गए और वृक्षारोपण किया गया। जिला समन्वयक विजय शर्मा ने ग्रामीणों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक कर इसे सामूहिक जिम्मेदारी बताया। नगर क्षेत्र में मुख्य नगर पालिका अधिकारी कमला कौल के निर्देशन में सार्वजनिक स्थलों, चौराहों, बस स्टैंड और नालों की सघन सफाई की गई। ग्रामीण क्षेत्रों में तालाबों, बांधों और केनालों की गाद निकासी एवं मरम्मत कार्य कर जलधारण क्षमता बढ़ाई गई। अभियान में विभिन्न संस्थाओं और नागरिकों की सक्रिय भागीदारी रही। उत्कृष्ट कार्य के लिए जिले को प्रदेश स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ, वहीं कसरावद विकासखंड प्रथम रहा। जिला प्रशासन ने भविष्य में भी जल संरक्षण के ऐसे प्रयास निरंतर जारी रखने का संकल्प लिया है।

### विशेष चेकिंग में बसों से 4.12 लाख रुपए राजस्व वसूला

**अनोखा तीर, खंडवा।** परिवहन विभाग द्वारा मंगलवार को इंदौर रोड पर विशेष चेकिंग अभियान चलाकर यात्री वाहनों की जांच की गई। इस दौरान कुल 30 बसों के बीमा, फिटनेस, प्रदूषण प्रमाणपत्र, फर्स्ट एड बॉक्स, रेट्रो रिफ्लेक्टर टेप, ओवरलोडिंग, ओवर स्पीडिंग और बकाया मोटरयान कर की जांच की गई। अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी दीपक मांझी ने बताया कि जांच के दौरान एक बस बिना परमिट और फिटनेस प्रमाणपत्र के संचालन करते पाए जाने पर जप्त की गई। वहीं 4 बसों से कुल 4 लाख 12 हजार 680 रुपए का राजस्व वसूला गया। उन्होंने बताया कि यातायात नियमों के पालन के लिए इस तरह का चेकिंग अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

## स्वच्छ सर्वेक्षण को लेकर नपा की पहल, ट्रैक्टर लोकार्पित व निरीक्षण





**अनोखा तीर, खरगोन।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 को लेकर नगर पालिका परिषद द्वारा साफ-सफाई एवं मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करने के लिए पहल की गई। इस क्रम में चार नए ट्रैक्टरों का लोकार्पण कर उन्हें नगर सेवा के लिए रवाना किया गया। इससे सफाई व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति एवं अन्य कार्यों में तेजी आएगी। लोकार्पण कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती छाया जोशी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी कमला कोल, उपाध्यक्ष भोलू कर्मा सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। इसी कड़ी में अध्यक्ष छाया जोशी एवं सीएमओ कमला कोल ने स्वच्छ सर्वेक्षण की तैयारियों का निरीक्षण करते हुए कुंदा नदी, नालों एवं सार्वजनिक शौचालयों का जायजा लिया। निरीक्षण में कुछ नालों का दूषित पानी नदी में मिलने की समस्या सामने आने पर काला देव मंदिर के पास नाले को एसटीपी प्लांट से जोड़ने के निर्देश दिए गए। साथ ही बंद पड़े एसटीपी प्लांट को शीघ्र चालू करने को कहा गया। वार्ड क्रमांक 17 के सार्वजनिक शौचालय की जर्जर स्थिति पर मरम्मत एवं नियमित सफाई के निर्देश दिए गए। नगर पालिका द्वारा स्वच्छ, स्वस्थ एवं सुव्यवस्थित शहर बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।


### जाहिर सूचना

दिनांक : 21/04/2026

मेरे पक्षकार इंडिया शेल्टर फाइनेन्स कारपोरेशन धार द्वारा प्राप्त जानकारी एवं निर्देशानुसार सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा भावी ऋणी **श्रीमति कंचन सिसोदिया पति अक्षय सिसोदिया** निवासी खलवाड़ी मोहल्ला, तहसील सेंधवा, **जिला बड़वानी म.प्र.** को उनका पता **सेटलमेंट नं. 209, वार्ड नं. 23, हाउस टैक्स रजिस्टर नं. 80, ब्लाक नं. 342, सरस्वती कॉलोनी, तहसील सेंधवा** जो कि गाँव के मुख्य मार्ग के अंदर स्थित है, **जिला बड़वानी (म.प्र.)** का कुल क्षेत्रफल **1000 वर्गफीट** जिला खरगोन को बंधक रखकर उस पर ऋण दिया जाना प्रस्तावित है। उक्त मकान **श्रीमति कंचन सिसोदिया पति अक्षय सिसोदिया,** जिला खरगोन का होकर रजिस्टर्ड पत्र विलेख दस्तावेज क्रमांक MP028882019A1603853 दिनांक 27/08/2019 है। उक्त चर्तुसीमा निम्न प्रकार है:- पूर्व में:- आम रास्ता, पश्चिम में :- सुरेशचन्द्र पालीवाल की भूमि, उत्तर में :- सुरेशचन्द्र पालीवाल की भूमि, दक्षिण में :- श्याम कानूनगो को विक्रय की गई संपत्ति है।

जिस किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक या वित्तीय संस्था या वारिस को स्वत्व या बंधक संबंधी कोई आपत्ति हो तो वह 07 दिवस के अंदर संलिखित प्रमाण के मेरे कार्यालय में संपर्क करें। अन्यथा बाद मियाद मेरे पक्षकार द्वारा प्रस्तावित ऋणी की उक्त संपत्ति को बंधक रखकर उस पर ऋण प्रदाय कर दिया जावेगा।

**भवदीय**
**अभय रावत एडवोकेट,**
**9, सुन्दरवन कालोनी, गीत गार्डन के पास, धार**
**मोबाईल नंबर- 80859-04049**

## फुटकर व्यापारी संघ ने होनहार विद्यार्थियों का किया सम्मान

**अनोखा तीर, सिराली।** जिला फुटकर व्यापारी संघ द्वारा 12वीं कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले होनहार विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर शासकीय कन्या शाला हायर सेकेंडरी स्कूल की छात्रा निशोद खान ने 500 में से 452 अंक प्राप्त कर शानदार सफलता हासिल की। वहीं छात्र कार्तिक वर्मा ने 94.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सिराली तहसील में प्रथम स्थान प्राप्त किया। दोनों प्रतिभाशाली विद्यार्थी फुटकर व्यापारी संघ से जुड़े परिवारों से हैं, जिनकी उपलब्धि पर संघ के पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनका स्वागत और सम्मान किया। संगठन की ओर से उन्हें पुरस्कार एवं प्रोत्साहन स्वरूप नोटबुक प्रदान की जाएगी। इस अवसर पर संघ अध्यक्ष शेख असलम, सचिव आशीष पवार, रामकृष्ण, अनिल गुरुजी, लालू वर्मा, साकिर खान, राजू खान, मुकेश चौहान, सफीक खान, हनीफ खान सहित अन्य सदस्य एवं विद्यार्थियों के माता-पिता उपस्थित रहे।



# खरीदी के अभाव में समितियों का अटका करोड़ों रुपए




**अनोखा तीर, मसनगांव।** प्रदेश सरकार द्वारा गेहूं खरीदी में अपेक्षित गति नहीं आने से क्षेत्र की सहकारी समितियां गंभीर आर्थिक संकट से जूझ रही हैं। अप्रैल माह आधे से अधिक बीत जाने के बावजूद समितियों के माध्यम से किसानों द्वारा लिए गए ऋण की वसूली नहीं हो पा रही है, जिससे समितियों का करोड़ों रुपया अटका हुआ है। जानकारी के अनुसार, मसनगांव क्षेत्र की एक समिति में ही सात गांवों के करीब 600 किसानों पर लगभग 4 करोड़ रुपए का ऋण बकाया है। खरीफ सीजन की ऋण राशि जमा करने की अंतिम तिथि 28 मार्च निर्धारित थी, लेकिन उपज की बिक्री नहीं होने से किसान भुगतान नहीं कर पाए। अब उन्हें 13 प्रतिशत ब्याज के साथ राशि जमा करनी पड़ेगी।

### उपज बिक्री से होती है 80 प्रतिशत वसूली

हर वर्ष समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी होने से समितियों द्वारा लगभग 80 प्रतिशत तक ऋण की वसूली हो जाती है, लेकिन इस वर्ष खरीदी की सुस्त प्रक्रिया के चलते हालात विपरीत हैं। समिति कर्मचारियों को वसूली के लिए किसानों के घर-घर जाना पड़ रहा है, बावजूद इसके नगदी की कमी के कारण उन्हें निराश लौटना पड़ रहा है।

### समितियों को होगा सीधा नुकसान

खरीदी नहीं होने से जहां ऋण वसूली प्रभावित हो रही है, वहीं समितियों को मिलने वाला कमीशन भी नहीं मिल पाएगा। इससे समितियों को लाखों रुपए का नुकसान उठाना पड़ सकता है। साथ ही विपणन संघ द्वारा खाद आपूर्ति प्रभावित होने की आशंका भी जताई जा रही है, जिससे आगामी सीजन में किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

### स्लॉट बुकिंग में आ रही दिक्कत

किसानों का कहना है कि 10 अप्रैल से खरीदी शुरू होने के बावजूद स्लॉट बुकिंग में दिक्कतें आ रही हैं। सीमित मात्रा में ही खरीदी हो रही है। किसान नितेश पाटिल के अनुसार, तीन एकड़ की फसल के बावजूद मात्र तीन क्विंटल गेहूं की खरीदी दर्ज की गई है। अधिकांश किसान अभी भी अपनी उपज घरों में रखे हुए हैं, जबकि जरूरतमंद किसान मंडियों में कम दाम पर गेहूं बेचने को मजबूर हैं। खरीदी व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो न केवल किसानों की आर्थिक स्थिति प्रभावित होगी, बल्कि सहकारी समितियों की कार्यप्रणाली और अस्तित्व पर भी संकट गहरा सकता है।

# भादूगांव में 'वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव' 26-27 अप्रैल को

## आचार्यों के आशीर्वाद से संपन्न होंगे धार्मिक आयोजन

**अनोखा तीर, हरदा।** जिले के टिमरनी अंतर्गत आने वाले ग्राम भादूगांव स्थित श्री पार्श्वनाथ जिनालय में नवीन वेदी स्थापना के उपलक्ष्य में वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन 26 और 27 अप्रैल को किया जाएगा। इस दो दिवसीय धार्मिक आयोजन में जैन समाज के श्रद्धालु बड़ी संख्या में शामिल होंगे। महोत्सव पूज्य आचार्य विद्यासागर जी महाराज, आचार्य समय सागर जी



महाराज एवं मुनि निर्णय सागर जी महाराज के आशीर्वाद से संपन्न होगा। वहीं प्रतिष्ठा कार्यक्रम पं. ऋषभ कुमार शास्त्री (सागर) के मार्गदर्शन में कराया जाएगा। आयोजन समिति के अनुसार, 26 अप्रैल (रविवार) को प्रातः 8 बजे अभिषेक शांतिधारा, 9.30 बजे घट यात्रा, 11 बजे वेदी शुद्धि, दोपहर 12 बजे भोजन, दोपहर 2 बजे याग मंडल विधान तथा शाम 6 बजे भोजन का कार्यक्रम रखा गया है। इसी प्रकार 27 अप्रैल को प्रातः 8 बजे अभिषेक शांतिधारा, 9.30 बजे श्रीजी वेदी पर विराजमान, 11 बजे हवन और दोपहर 12 बजे भोजन का आयोजन होगा। आयोजकों ने बताया कि दोनों दिनों समाज के सभी बंधुओं के लिए भोजन व्यवस्था रहेगी। साथ ही 26 अप्रैल को हरदा एवं टिमरनी से भादूगांव तक आने-जाने के लिए वाहनों की विशेष व्यवस्था भी की गई है। इस धार्मिक आयोजन में सकल जैन समाज, भादूगांव द्वारा श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्म लाभ लेने का आग्रह किया गया है।

# अधिकारियों ने जनसुनवाई में सुनी नागरिकों की समस्याएं



**अनोखा तीर, हरदा।** जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती अंजली जोसेफ जोनाथन ने मंगलवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित 'जनसुनवाई' कार्यक्रम में आए नागरिकों की समस्याएं सुनी और उपस्थित अधिकारियों को नागरिकों की समस्याओं के निराकरण के लिए निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर पुरूषोत्तम कुमार, संयुक्त कलेक्टर रजनी वर्मा, हरदा एसडीएम अशोक डहेरिया, एसडीएम खिरकिया शिवांगी बघेल, टिमरनी एसडीएम संजीव नागू सहित अन्य जिला अधिकारी उपस्थित थे। जनसुनवाई में सोनल एग्रो वेयरहाउस मसनगांव के संचालक ने वेयरहाउस का किराया भुगतान न होने के संबंध में शिकायत की, जिस पर जिला आपूर्ति अधिकारी को मामले की जांच कर किराया भुगतान कराने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में हर्षिता लक्ष्मीनारायण ने पोर्टल पर छात्रवृत्ति की राशि कम दिखाई देने के संबंध में शिकायत की, जिस पर सहायक संचालक पिछड़ा एवं अल्प संख्यक कल्याण विभाग को आवेदिका की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में ग्राम भायली निवासी नंदकिशोर बृजलाल ने आवेदन देकर पीएम किसान निधि व सीएम किसान निधि की राशि प्राप्त न होने के संबंध में शिकायत की, जिस पर तहसीलदार रहटगांव को आवेदक की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में आशाबाई घाटे ने नसबंदी ऑपरेशन फेल होने के बाद मुआवजा राशि प्राप्त न होने के संबंध में की, जिस पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी को आवेदिका की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिए। मेदाबाई अंकले निवासी अबगांव खुर्द ने खेत पर जाने के रास्ते पर अतिक्रमण की शिकायत की, जिस पर तहसीलदार हरदा को मामले की जांच कर रास्ते से अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में सिराली निवासी अंजली मालवीय ने आवेदन देकर बीपीएल राशन कार्ड के लंबित आवेदन का निराकरण कराने की मांग की, जिस पर एसडीएम खिरकिया को आवेदिका की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिए।

# नन्हे बच्चों में पर्यावरण जागरुकता के लिए 80 पौधों का वितरण



**अनोखा तीर, हरदा।** भारत विकास परिषद, हरदा महिला विंग के तत्वाधान में तथा डॉ.आशा आफ्टर स्कूल क्लासेस के सहयोग से नन्हे बच्चों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता एवं प्रेरणा बढ़ाने हेतु 80 पौधों के वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को पौधों के महत्व, उनकी सही देखभाल एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रेरित किया गया। इस अवसर पर बच्चों को पौधारोपण के साथ-साथ प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझने के लिए भी प्रोत्साहित किया गया। यह आयोजन भारत विकास परिषद के पर्यावरण प्रकल्प के अंतर्गत संपन्न हुआ, जिसका उद्देश्य समाज में हरित वातावरण को बढ़ावा देना एवं नई पीढ़ी को पर्यावरण संरक्षण के प्रति सजग बनाना है। इस अवसर पर परिषद अध्यक्ष अंशुल अग्रवाल, प्रोफेसर विजय अग्रवाल, विवेक त्रिपाठी, विपुल बांगड़, माधव बंसल, महिला प्रमुख डॉक्टर आशा बांगड़, अनु अग्रवाल, अंकिता अग्रवाल, कंचन असरानी विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी उपस्थितजनों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे एक सार्थक प्रयास बताया।

### लोक अदालत का आयोजन 26 अप्रैल को

अनोखा तीर, हरदा। मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरदा, श्री अरविंद रघुवंशी के मार्गदर्शन में 26 अप्रैल को जिला जेल, हरदा में जेल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जेल लोक अदालत के आयोजन का मुख्य उद्देश्य जेल में निरूद्ध बंदियों के लंबित प्रकरणों का त्वरित और सौहार्दपूर्ण निराकरण करना है, ताकि उन्हें शीघ्र न्याय मिल सके।

## आउटसोर्स कर्मचारियों की 17 सूत्रीय मांगों को लेकर भारतीय मजदूर संघ ने सौंपा ज्ञापन



**अनोखा तीर, हरदा।** भारतीय मजदूर संघ के बैनर तले प्रदेश के बाह्य स्त्रोत आउटसोर्स कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर 17 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को सौंपा गया। ज्ञापन सौंपने के दौरान भारतीय मजदूर संघ विभाग प्रमुख जितेंद्र सोनी, जिला अध्यक्ष मुकेश धामन्देकर, जिला महामंत्री प्रबल पवार, आउटसोर्स जिला अध्यक्ष वीरेंद्र भाटी, जिला उपाध्यक्ष आशीष बिल्लौरे, अनिल राजपूत, अभिषेक राजपूत, अजय राजपूत, कपिल राजपूत, दीपक चौरे सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे। ज्ञापन में आउटसोर्स कर्मचारियों के हित में 17 प्रमुख मांगें रखी गई। इनमें सरकार स्तर पर ठोस नीति बनाकर सामाजिक सुरक्षा और उचित वेतन सुनिश्चित करने, श्रम कानूनों का कड़ाई से पालन कराने तथा उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई की मांग शामिल है। इसके साथ ही 8 घंटे से अधिक कार्य पर अतिरिक्त भुगतान, विभाग से सीधे वेतन भुगतान, हर माह 7 तारीख तक वेतन और वेतन पर्ची उपलब्ध कराने की बात कही गई है। कर्मचारियों ने अनुभव के आधार पर वेतन वृद्धि, नियमित भर्ती में अवसर, बिना कारण नौकरी से हटाने पर रोक तथा शिकायतों की निष्पक्ष जांच के बाद ही सेवा समाप्त करने की मांग भी रखी। साथ ही ईएसआई, ईपीएफ, ईएसआईसी जैसी सुविधाएं, 62 वर्ष तक सेवा का प्रावधान, समान कार्य के लिए समान वेतन और सेवा समाप्ति के विरुद्ध अपील के लिए समिति गठन की मांग की गई। इसके अलावा कर्मचारियों के श्रेणी उन्नयन, 20 लाख रुपये का दुर्घटना बीमा, रिक्त पदों पर समायोजन की नीति, वार्षिक कौशल विकास प्रशिक्षण और साप्ताहिक अवकाश सुनिश्चित करने की मांग भी प्रमुख रूप से उठाई गई। कर्मचारियों ने शासन से मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेने की अपेक्षा जताई।

### हेल्प लाईन नंबर

| | |
|---|---|
| सीएम हेल्प लाईन | 181 |
| पुलिस | 112 |
| फायर बिग्रेड | 101 |
| एम्बुलेन्स | 108 |
| चाईल्ड हेल्प लाईन | 1098 |
| किसान कॉल सेंटर | 18001801551 |
| विद्युत शिकायत | 18002331912 |
| विद्युत सेवा | 1912 |
| पशु सेवा | 1962 |
| पुलिस सेवा | 112-100 |
| अग्नि सेवा | 101 |
| एम्बुलेन्स सेवा | 102 |
| यातायात पुलिस | 103 |
| आपदा प्रबंधन | 108 |
| चाईल्ड लाईन | 1098 |
| रेलवे पूछताछ | 139 |
| भ्रष्टाचार विरोधी | 1031 |
| रेल दुर्घटना | 1072 |
| सड़क दुर्घटना | 1073 |
| सीएम सहायता लाईन | 1076 |
| क्राईम सटायर | 1090 |
| महिला सहायता | 1091 |
| पृथ्वी भूकंप | 1092 |
| बाल शोषण सहायता | 1098 |
| किसान कॉल सेंटर | 1098 |
| नागरिक कॉल सेंटर | 155300 |

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में 100 दिवसीय 'फ्री लाइव योग सत्र' का आयोजन

### कलेक्टर ने अधिकारियों को दिए निर्देश

**अनोखा तीर, हरदा।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की पूर्व देश व्यापी जनभागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से ' 100 डेज फ्री लाइव योगा सेशन' कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। यह कार्यक्रम आयुष मंत्रालय के तहत मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान द्वारा संचालित किया जा रहा है। इसका मुख्य लक्ष्य आम नागरिकों के दैनिक जीवन में योग को शामिल करना और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। इस कार्यक्रम के तहत प्रतिभागियों के लिए 14 दिवसीय संरचित योग सत्र आयोजित किए जाएंगे। इच्छुक नागरिक और शासकीय कर्मचारी वेबसाइट लिंक अथवा टोल फ्री नंबर के माध्यमों से निःशुल्क पंजीकरण कराकर ऑनलाइन प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं। कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने जिले के सभी विभाग प्रमुखों को आदेशित किया है कि वे स्वयं ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कर ऑनलाइन योगाभ्यास करें तथा अपने अधीनस्थों की सहभागिता भी सुनिश्चित करें।

### भगवान परशुराम जयंती पर निकलेगी शोभायात्रा

**अनोखा तीर, सिराली।** ब्राह्मण समाज संगठन क्षेत्र सिराली द्वारा प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी भगवान परशुराम जयंती के पावन अवसर पर बुधवार, 22 अप्रैल को भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शोभायात्रा दोपहर 4 बजे मां चामुंडा मंदिर, सिराली से प्रारंभ होगी, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए साईं वाटिका, हरदा रोड, सिराली पहुंचेगी। शोभायात्रा को लेकर समाजजनों में उत्साह का माहौल बना हुआ है। कार्यक्रम के समापन स्थल साईं वाटिका में भव्य आयोजन किया जाएगा, जिसमें प्रतिभा सम्मान समारोह, अतिथि सम्मान, भगवान परशुराम के जीवन पर प्रेरक उद्बोधन, महाआरती एवं प्रसादी वितरण किया जाएगा। आयोजकों के अनुसार इस आयोजन में क्षेत्र के बड़ी संख्या में ब्राह्मण समाज के लोग शामिल होंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए समाज के पदाधिकारी एवं सदस्य सक्रिय रूप से तैयारियों में जुटे हुए हैं।

# क्षत्रिय राठौर समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन संपन्न, नौ युगल बंधे परिणय बंधन में

**अनोखा तीर, मसनगांव-सिराली।** क्षत्रिय राठौर समाज क्षेत्रीय संगठन की सिराली इकाई द्वारा अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन हर्षोल्लास और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर नौ नवयुगल वैदिक मंत्रोच्चार और विधि-विधान के बीच परिणय सूत्र में बंधकर अपने नए जीवन की शुरुआत की। आयोजन में देवास, खंडवा, उज्जैन और जबलपुर सहित विभिन्न जिलों से समाज के गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु उपस्थित रहे। समारोह के दौरान पूरे आयोजन स्थल को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। सुबह से ही विवाह की तैयारियां शुरू हो गई थीं। बारातों का स्वागत पारंपरिक अंदाज में किया गया, जिसके बाद वर-वधु पक्ष द्वारा सभी रस्में निभाई गईं। मंडप में पंडितों के सानिध्य में वैदिक मंत्रों के साथ विवाह संस्कार संपन्न कराए गए।



कार्यक्रम में आए अतिथियों का समिति के पदाधिकारियों ने पुष्पमाला से स्वागत किया। सभी ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए उनके सुखद एवं समृद्ध वैवाहिक जीवन की कामना की। वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि सामूहिक विवाह सम्मेलन समाज में एकता, सहयोग और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने का महत्वपूर्ण माध्यम है। इससे आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को भी सम्मानपूर्वक अपने बच्चों का विवाह कराने में सहायता मिलती है। आयोजन समिति द्वारा सभी व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित रूप से की गई थीं। भोजन, पेयजल, आवास और अन्य आवश्यक सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा गया, जिससे बाहर से आए अतिथियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। कार्यक्रम के सफल आयोजन में समाज के युवाओं और पदाधिकारियों का विशेष योगदान रहा, जिन्होंने पूरी निष्ठा के साथ अपनी जिम्मेदारियां निभाईं। अंत में आयोजन समिति ने सभी अतिथियों, सहयोगियों और समाजजनों का आभार व्यक्त किया। इस सफल आयोजन के साथ समाज में आपसी भाईचारे और एकजुटता का संदेश भी प्रसारित हुआ।

# समाधान योजना के द्वितीय चरण की तारीख बढ़ी

### आज से बिजली विभाग के शिकायत निवारण शिविर शुरु





**अनोखा तीर, करताना।** शासन द्वारा विद्युत कंपनी के बकायादार उपभोक्ताओं को राहत देने हेतु चलाई जा रही समाधान योजना के द्वितीय चरण की अंतिम तिथि 31 मार्च से बढ़ाकर 15 मई कर दी गई है, ताकि उपभोक्ता अपने बकाया बिजली की राशि एकमुश्त या किश्तों में जमा कर सरचार्ज में छूट पा सकें। वहीं, उपभोक्ताओं की बिजली संबंधित समस्याओं का मौके पर ही निराकरण करने के लिए वितरण केंद्र के अंतर्गत आने वाले गांवों में बनाए गए 8 क्लस्टर गांवों में विद्युत कंपनी द्वारा बुधवार से शिकायत निवारण कैंप लगाए जाएंगे, ताकि उपभोक्ताओं की शिकायतों का मौके पर ही निराकरण किया जा सके। कैंप में बिजली संबंधित किसी भी प्रकार की शिकायत का पंजीयन कर विद्युत कंपनी के अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा मौके पर ही प्राप्त शिकायतों का निराकरण किया जाएगा। विद्युत कंपनी के जेई रामकुमार मेश्राम ने बताया कि विद्युत वितरण केंद्र करताना के अंतर्गत 8 गांवों को क्लस्टर बनाया गया है, जिसमें अहलवाड़ा, बाजनिया, नौसर, करताना, रूदलाय, भवरास, तजपुरा आदि गांवों में विद्युत शिकायत निवारण कैंप लगाकर शासन के आदेशानुसार तत्काल उपभोक्ताओं की समस्या का निराकरण किया जाएगा।

# संपादकीय

## सियासत के फेर में फंसा महिला आरक्षण का हक

किसी भी संविधान संशोधन विधेयक को पारित कराने के लिए लोकसभा में दो-तिहाई बहुमत की जरूरत होती है, लेकिन तमाम कोशिशों के बावजूद सरकार जरूरी समर्थन हासिल नहीं कर सकी। इसमें कोई दोराय नहीं कि विधायिका में महिलाओं के प्रतिनिधित्व को बढ़ाने के लिए सरकार और सभी विपक्षी दलों को एक ईमानदार इच्छाशक्ति के साथ काम करना चाहिए। मगर यही मुद्दा जब राजनीतिक लाभ उठाने का जरिया बनने लगता है, तब इस पर सवाल उठने लगते हैं। बीते हफ्ते सरकार ने महिला आरक्षण से जुड़ा 131वां संशोधन विधेयक पेश किया, लेकिन जरूरी समर्थन न मिल पाने की वजह से वह लोकसभा में गिर गया। गौरतलब है कि किसी भी संविधान संशोधन विधेयक को पारित कराने के लिए लोकसभा में दो-तिहाई बहुमत की जरूरत होती है, लेकिन तमाम कोशिशों के बावजूद सरकार जरूरी समर्थन हासिल नहीं कर सकी। हालांकि इस बार परिसीमन विधेयक में संशोधन के लिए जिस तरह महिला आरक्षण का मसला भी जुड़ा हुआ था, उसमें इस मुद्दे पर दो-तिहाई सांसदों को अपने पक्ष में खड़ा कर पाना सरकार के लिए मुश्किल था। यानी पहले ही यह माना जा रहा था कि लोकसभा में संशोधन विधेयक पारित कराना मुमकिन नहीं हो पाएगा। इसके बावजूद यह विचित्र है कि सरकार ने इस पर जोर-आजमाइश करने की कोशिश की। दरअसल, इस संशोधन विधेयक का उद्देश्य यह बताया गया था कि इससे लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए आरक्षण सुनिश्चित किया जा सकेगा। साथ ही, 2026 से पहले की जनगणना के आधार पर राज्यों में सीटों के परिसीमन की इजाजत दी



जाएगी और लोकसभा में सीटों की संख्या 543 से बढ़ा कर 850 की जाएगी। मगर चूंकि परिसीमन के साथ उलझे इस मुद्दे पर सरकार को जरूरी संख्या बल का समर्थन नहीं मिल सका, इसलिए अब भाजपा विधानसभा चुनावों के प्रचार के दौरान यह आरोप लगाने की कोशिश कर सकती है कि विपक्षी पार्टियां महिलाओं को भागीदारी देने का समर्थन नहीं करतीं।

सवाल है कि महिलाओं की विधायिका में आरक्षण से संबंधित जो विधेयक वर्ष 2023 में ही पारित होकर संविधान का हिस्सा बन चुका था, उसे फिर से तब क्यों लाया गया, जब कुछ राज्यों में विधानसभा चुनाव की प्रक्रिया चल रही है। यह बेवजह नहीं है कि इस संशोधन विधेयक को लाए जाने के समय को लेकर सवाल उठाए जा रहे हैं।

ऐसा लगता है कि इस विधेयक की जटिलता और उसके पारित होने के सामने खड़ी चुनौतियों की तस्वीर चूंकि लगभग साफ थी, इसलिए इसे राज्यों में जारी चुनावी प्रक्रिया के बीच महिलाओं का समर्थन हासिल करने वाले एक अहम मुद्दे के रूप में भी देखा गया। शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के देश के नाम संबोधन में भी यह साफ दिखा, जिसमें उन्होंने महिला आरक्षण से जुड़े इस संशोधन विधेयक के पारित न होने के लिए विपक्षी दलों को जिम्मेदार बताया। मगर विधेयक में जिस तरह सरकार ने आरक्षण व्यवस्था को नए परिसीमन और लोकसभा के विस्तार के ढांचे से जोड़ कर पेश किया था, उसमें वह किस तरह के समर्थन की उम्मीद कर रही थी। महिला आरक्षण के प्रावधानों के साथ-साथ खासतौर पर परिसीमन के मुद्दे पर तमिलनाडु सहित दक्षिण भारत के राज्यों की जैसी प्रतिक्रिया थी, उसमें विपक्षी दलों के समर्थन या विरोध की तस्वीर एक तरह से पहले से साफ थी। अफसोस की बात है कि जहां विधायिका में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने की कवायद पर सबकी सहमति होनी चाहिए थी, वहीं यह सवालों के घेरे में उलझ कर रह गई। जबकि जरूरत इस बात की है कि इस मामले को राजनीति का मुद्दा बनाने के बजाय एक सर्वसम्मत रास्ता निकालने की कोशिश हो।

## राख के नीचे सुलगती चिंगारी



राज्य में हिंसा की बढ़ती घटनाओं से स्पष्ट है कि हालात राख के नीचे छिपी चिंगारी जैसे हैं, जो मौका मिलते ही आग का रूप ले लेती है। इसलिए सरकार और सुरक्षाबलों को ईमानदार, खुले एवं निष्पक्ष जन संवाद को प्राथमिकता देनी होगी, ताकि कानून पर लोगों का भरोसा कायम रहे। मणिपुर में कुछ दिनों तक हालात थोड़े सामान्य रहने के बाद हिंसा की घटनाएं फिर से अपने पांव पसारने लगी हैं। सरकार का दावा है कि इसके पीछे असामाजिक तत्त्वों की भूमिका ज्यादा है, लेकिन इस बात से भी इनकार नहीं किया जा सकता कि राज्य के लोगों में असंतोष की वजह से विरोध प्रदर्शनों का दौर लौटने लगा है, जो सौहार्दपूर्ण वातावरण के लिए निश्चित रूप से चिंताजनक है। इंफाल पश्चिम जिले में बीते शुक्रवार को हजारों लोगों ने निषेधाज्ञा का उल्लंघन करते हुए मशाल रैली निकाली और इस दौरान सुरक्षाकर्मियों के साथ उनकी हिंसक झड़पें भी हुईं। स्थानीय लोग हाल में एक घर पर बम से हुए हमले में दो बच्चों की मौत की घटना का विरोध कर रहे थे। सवाल है कि क्या सुरक्षा एजेंसियां राज्य में स्थिति की संवेदनशीलता को जानते हुए भी अपना काम ठीक से नहीं कर रही हैं? अगर ऐसा नहीं है, तो फिर आम लोगों में शासन-प्रशासन के खिलाफ आक्रोश क्यों पैदा हो रहा है! गौरतलब है कि मणिपुर के बिष्णुपुर जिले में सात अप्रैल को एक घर पर बम से हमला किया गया था, जिसमें दो मासूम बच्चों की जान चली गई थी। इस घटना के विरोध में स्थानीय लोगों के प्रदर्शन के दौरान हिंसक झड़पों में तीन लोगों की मौत हो गई थी। लोग इन बच्चों की हत्या के दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। ऐसे में जरूरत इस बात की है कि स्थानीय लोगों को विश्वास में लेकर सुरक्षा एजेंसियों के अधिकारी जांच-पड़ताल की प्रक्रिया को तेज करने के लिए ईमानदारी से प्रयास करें। यह विचित्र है कि जब सरकार खुद इस बात को स्वीकार कर रही है कि राज्य के कई हिस्सों में हालात अब भी संवेदनशील बने हुए हैं, तो फिर सुरक्षा एजेंसियों की ओर से किसी भी अप्रिय घटना के बाद संवेदनशीलता क्यों नजर नहीं आती! राज्य में हिंसा की बढ़ती घटनाओं से स्पष्ट है कि हालात राख के नीचे छिपी चिंगारी जैसे हैं, जो मौका मिलते ही आग का रूप ले लेती है।

## आज का कार्टून




# मैदान में महिला अफसर, सियासत में आक्रामक मोहन यादव

**पवन वर्मा**

देश की राजनीति में महिलाओं को लोकसभा और विधानसभा में 33 प्रतिशत आरक्षण देने का मुद्दा गर्म है। संसद से लेकर सियासी मंचों तक इस पर तीखी बहस हो रही है। आरोप-प्रत्यारोप का दौर भी तेज है और हर दल अपने-अपने तरीके से इस मुद्दे को परिभाषित करने में जुटा है। ऐसे समय में मध्यप्रदेश की तस्वीर एक अलग ही रूप में सामने आयी है, जहां मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने महिला नेतृत्व को केवल राजनीतिक वादों तक सीमित नहीं रखा, बल्कि प्रशासनिक व्यवस्था के केंद्र में ला दिया है।



महिला आरक्षण का मुद्दा भले ही आज राष्ट्रीय राजनीति में गर्माया हो, लेकिन मध्यप्रदेश में इसके संकेत पहले ही दिखाई देने लगे थे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपने कार्यकाल में महिला आईएएस और आईपीएस अधिकारियों पर जो भरोसा जताया है, वह पूर्ववर्ती सरकारों के मुखियाओं की तुलना में कहीं अधिक व्यापक और स्पष्ट नजर आता है। यही वजह है कि जब वे महिला आरक्षण से जुड़े विधेयक को लेकर विपक्ष पर हमलावर होते हैं, तो उनके तर्क केवल राजनीतिक नहीं, बल्कि जमीन पर लिए गए फैसलों से भरेपूरे होते हैं।

> महिला आरक्षण का मुद्दा भले ही आज राष्ट्रीय राजनीति में गर्माया हो, लेकिन मध्यप्रदेश में इसके संकेत पहले ही दिखाई देने लगे थे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपने कार्यकाल में महिला आईएएस और आईपीएस अधिकारियों पर जो भरोसा जताया है, वह पूर्ववर्ती सरकारों के मुखियाओं की तुलना में कहीं अधिक व्यापक और स्पष्ट नजर आता है। यही वजह है कि जब वे महिला आरक्षण से जुड़े विधेयक को लेकर विपक्ष पर हमलावर होते हैं, तो उनके तर्क केवल राजनीतिक नहीं, बल्कि जमीन पर लिए गए फैसलों से भरेपूरे होते हैं।

**सत्रह जिलों में महिला कलेक्टर- प्रशासन में महिलाओं की प्रभावी उपस्थिति:** मध्यप्रदेश में इस समय 55 जिलों में से 17 जिलों की कमान महिला कलेक्टरों के हाथ में है। यह आंकड़ा अपने आप में यह बता रहा है कि मध्यप्रदेश के प्रशासनिक ढांचे में महिलाओं की भूमिका किस तेजी से बढ़ी है। जिन जिलों में महिला कलेक्टर तैनात हैं, उनमें खरगोन में भव्या मित्तल, बड़वानी में जयति सिंह, अलीराजपुर में नेहा माथुर, रतलाम में मिशा सिंह, शाजापुर में ऋतु बाफना, आगर मालवा में प्रीति यादव, मंदसौर में अदिति गर्ग, ग्वालियर में रुचिका चौहान, श्योपुर में शीला दाहिमा, मैहर में विदिशा मुखर्जी, उमरिया में राखी सहाय, सागर में प्रतिमा पाल, पन्ना में उमा परमार, निवाड़ी में जमुना भिड़े, नरसिंहपुर में रजनी सिंह, सिवनी में नेहा मीना और डिंडौरी में अंजू पवन भदौरिया शामिल हैं।

यह नाम केवल आंकड़ों का विवरण नहीं है, बल्कि यह मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव की उस सोच का प्रतिबिंब है जिसमें महिलाओं को निर्णय लेने की जिम्मेदारी दी जा रही है। कलेक्टर का पद केवल प्रशासनिक नहीं, बल्कि जिले के समग्र विकास, कानून-व्यवस्था और शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन का केंद्र होता है। ऐसे में इतनी बड़ी संख्या में महिला कलेक्टरों की नियुक्ति यह दर्शाती है कि सरकार ने नेतृत्व के स्तर पर महिलाओं को बराबरी का अवसर दिया है।

**पुलिस महकमे में भी महिलाओं की बढ़ती पकड़:** प्रशासन के साथ-साथ पुलिस व्यवस्था में भी महिलाओं की भागीदारी तेजी से बढ़ी है। वर्तमान में चार जिलों में पुलिस अधीक्षक के रूप में महिला अफसर तैनात हैं, जो सीधे तौर पर कानून-व्यवस्था की जिम्मेदारी संभाल रही हैं। इसके अलावा एक रेंज की कमान महिला आईजी के पास है।

शहडोल रेंज की आईजी चैत्रा एन हैं, जबकि सविता सोहने डीआईजी के रूप में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभा रही हैं। राजधानी भोपाल में मोनिका शुक्ला अतिरिक्त पुलिस आयुक्त के पद पर कार्यरत हैं। अब महिला पुलिस अधिकारियों को पुलिस मुख्यालय ही नहीं, बड़े और जटिल शहरी प्रशासन में भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां दी जा रही है। मैदानी स्तर पर महिला आईपीएस अधिकारियों की उपस्थिति उल्लेखनीय है। यांगचेन डोलकर (इंदौर ग्रामीण), हितिका वासल (गुना), निवेदिता नायडू (पन्ना) और वाहिनी सिंह (डिंडौरी) जैसे अधिकारी एसपी के रूप में कार्य कर रहे हैं। वहीं श्रद्धा तिवारी और सोनाक्षी सक्सेना भोपाल में डीसीपी ( उपायुक्त) के रूप में सक्रिय हैं। यह पहली बार है जब प्रदेश में इतनी बड़ी संख्या में महिला आईपीएस अधिकारियों को फील्ड पोस्टिंग दी गई है।

**महिला अधिकारियों की मैदानी पोस्टिंग- प्रतीक नहीं, वास्तविक सशक्तिकरण:** अक्सर महिला सशक्तिकरण की बात नीतियों और घोषणाओं तक सीमित रह जाती है, लेकिन मध्यप्रदेश में जो बदलाव देखने को मिल रहा है, वह इससे आगे का है। यहां महिलाओं को केवल पद नहीं दिए गए, बल्कि उन्हें मैदानी जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। जहां निर्णय लेने होते हैं, संकट से निपटना होता है और जनता से सीधा संवाद करना होता है।

मैदानी पोस्टिंग का मतलब है कि अधिकारी सीधे जनता के संपर्क में रहते हैं। यहां संवेदनशीलता, त्वरित निर्णय क्षमता और नेतृत्व कौशल की सबसे अधिक जरूरत होती है। महिला अधिकारियों की बढ़ती तैनाती से यह भी स्पष्ट होता है कि सरकार उनके नेतृत्व पर पूरी तरह भरोसा कर रही है।

**मुख्यमंत्री की नीति- भरोसा और अवसर:** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की कार्यशैली में महिला अधिकारियों को लेकर एक स्पष्ट नीति दिखाई देती है वह है भरोसा और अवसर। यह केवल एक-दो नियुक्तियों तक सीमित नहीं है, बल्कि व्यापक स्तर पर महिलाओं को जिम्मेदारी देने की सोच के रूप में सामने आया है। उनका यह दृष्टिकोण यह संकेत देता है कि प्रशासन में विविधता को महत्व दिया जा रहा है। जब निर्णय लेने वाले पदों पर महिलाएं होती हैं, तो नीतियों और उनके क्रियान्वयन में संतुलन और संवेदनशीलता दोनों बढ़ते हैं। यह बात कई प्रशासनिक अध्ययनों में भी सामने आई है कि विविध नेतृत्व बेहतर परिणाम देता है।

**महिला आरक्षण की बहस और मध्यप्रदेश का उदाहरण :** जब देश में महिला आरक्षण को लेकर बहस तेज होती है, तो अक्सर यह सवाल उठता है कि क्या महिलाएं नेतृत्व की बड़ी जिम्मेदारियां संभालने के लिए सक्षम हैं और क्या इसके लिए उन्हें पर्याप्त अवसर मिल रहे हैं। मध्यप्रदेश इस सवाल का सबसे सटीक उत्तर और उदाहरण प्रस्तुत कर रहा है। यहां महिलाओं को न केवल अवसर दिए गए हैं, बल्कि उन्हें जिम्मेदारी भी सौंपी गई है और वे उसे निभा भी रही हैं। ऐसे में जब मुख्यमंत्री यह कहते हैं कि महिलाओं को राजनीतिक प्रतिनिधित्व में भी समान अवसर मिलना चाहिए, केवल एक राजनीतिक बयान नहीं रह जाता, बल्कि एक स्थापित उदाहरण के आधार पर दिया गया तर्क बन जाता है।

**विपक्ष पर आक्रामक रुख का आधार:** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जब महिला आरक्षण के मुद्दे पर विपक्ष पर हमला बोल रहे हैं, तो उनके पास अपने फैसलों का ठोस आधार है। वे यह दिखा सकते हैं कि राज्य स्तर पर उन्होंने महिलाओं को नेतृत्व में आगे बढ़ाया है। इसलिए वे आत्मविश्वास और अधिकार के साथ यह सवाल उठा सकते हैं कि जब प्रशासनिक स्तर पर यह संभव है, तो राजनीतिक स्तर पर इसे लागू करने में देरी क्यों हो रही है।

**सामाजिक प्रभाव- बदलती सोच:** इस बदलाव का असर केवल प्रशासनिक ढांचे तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज पर भी पड़ रहा है। जब किसी जिले की कलेक्टर या एसपी एक महिला होती है, तो यह समाज में एक मजबूत संदेश देता है। इससे लड़कियों और महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ता है और वे भी बड़े पदों के लिए खुद को तैयार करने लगती हैं। यह बदलाव धीरे-धीरे उस सामाजिक सोच को भी बदल रहा है, जिसमें महिलाओं को सीमित भूमिकाओं में देखा जाता था। अब वे निर्णय लेने वाली कुर्सियों पर बैठकर नीतियां तय कर रही हैं और उन्हें लागू भी कर रही हैं।

**महिला सशक्तिकरण के मॉडल के रूप में उभरता मध्यप्रदेश:** मध्यप्रदेश में महिला अधिकारियों की बढ़ती भागीदारी और उन्हें मैदानी जिम्मेदारियां सौंपने का निर्णय एक व्यापक बदलाव का संकेत है। यह केवल प्रशासनिक सुधार नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन की दिशा में भी एक बड़ा कदम है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के ये कदम साबित कर रहे हैं कि अगर राजनीतिक इच्छाशक्ति हो, तो महिला सशक्तिकरण को जमीन पर उतारा जा सकता है। महिला आरक्षण की राष्ट्रीय बहस के बीच मध्यप्रदेश का यह मॉडल एक उदाहरण के रूप में सामने आ रहा है, जहां महिलाओं को केवल अधिकार की बात नहीं, बल्कि जिम्मेदारी भी दी जा रही है। स्पष्ट है कि यह बदलाव आने वाले समय में और गहराएगा और मध्यप्रदेश महिला नेतृत्व के मामले में देश के लिए एक नई दिशा तय कर सकता है।

## कौन सुनेगा पुकार...?



**- हरिहर सिंह चौहान, इन्दौर**

पृथ्वी जल रही है,  
कौन सुनेगा 'करुण' पुकार ?  
गाँव-जंगल 'गुम' हो गए शहरों में,  
कोई सुनता ही नहीं?  
कहीं आँधी, कहीं तूफान,  
गिर रही बर्फ बैमोसम  
बिगड़ता ही जा रहा दुनिया का पर्यावरण,  
पृथ्वी जल रही है।

इंसान सही में 'बोझ' बन चुका है,  
अपने लालच के लिए धरती को बांट दिया  
प्रदूषण, पर्यावरण सबके-सब दूषित हो गए,  
और पृथ्वी जल रही है।

हमारी जीवन शैली ने, सब खत्म कर दिया,  
हवा, पानी, बिजली के प्रति हमारी उदासीनता ने  
बिगाड़ दिया पृथ्वी का मूल स्वरूप,  
तभी तो पृथ्वी जल रही है।  
जागो, अब तो जागो,  
अपनी धरती को बचाओ।  
पृथ्वी पर सकारात्मकता का बीज बोएं अब हम,  
अपनी पृथ्वी को बचाएंगे, क्योंकि पृथ्वी जल रही है

# अपूर्ण इच्छाओं का प्रतिबिंब या भविष्य का संकेत, क्या हैं हमारे सपने?

अब बच्चे अच्छा या बुरा, क्या स्वप्न देखते हैं, यह वे बता तो पाते नहीं, लेकिन सिर्फ बच्चों की ही क्या बात की जाए। अच्छे-अच्छे वीर-बहादुर भी रात में सोते हुए कई बार कोई बुरा सपना देख कर मध्य रात्रि जाग उठते हैं, तब वे पसीने से नहाए हुए होते हैं। ये सपने आखिर होते क्या हैं? कहा जा सकता है कि सपने या स्वप्न का मतलब रात सोते हुए देखे गए कुछ दृश्य, तस्वीरें या घटनाएं होती हैं, जो हमारा अवचेतन मन सोते समय देखता है। सामान्यतया हम दिन में जिस विषय पर ज्यादा बातें करते हैं या सोचते हैं, उसी से संबंधित बातें या चीजें हमें स्वप्न के रूप में दिखती हैं। यों हरेक उम्र के सपने भी अलग-अलग होते हैं, या कहा जाए कि व्यक्तिगत रुचि के अनुसार भी सपने अलग-अलग दिखते हैं। बचपन में नई साइकिल या खिलौने मिलने के सपने दिखते हैं, तो स्कूली दिनों में कई बार परीक्षा में फेल हो जाने के सपने भी दिखते हैं। कई छात्रों को अक्सर एक-सा सपना दिखता है या डराता है कि वे परीक्षा के लिए देर से पहुंचे हैं या स्कूल बस उनके सामने से निकल गई और वे परीक्षा के लिए समय पर पहुंच नहीं पा रहे हैं। युवावस्था में कुछ लोगों को सिनेमा के मशहूर अभिनेताओं के या महंगी बाइक या कार आदि के सपने दिखते हैं, तो कुछ युवा सपने में खुद को अच्छी नौकरी या अधिकार वाला पद ग्रहण करते हुए देखते हैं। इसी प्रकार नेताओं को चुनाव जीतने के तो अभिनेताओं को फिल्म के सुपरहिट होने के सपने दिखते होंगे।

जब हम सपनों की बात करते हैं तो यह विचार भी मन में आता है कि क्या सपनों का भी कोई वैज्ञानिक आधार होता है। इस संदर्भ में कहा जा सकता है कि अब तक के शोध कार्यों से ऐसा कुछ सिद्ध या साबित नहीं हो सका है, लेकिन सपनों पर अध्ययन अब भी किया जा रहा है, जिसे 'वनिरोलाजी' कहा जाता है। वैसे वैज्ञानिकों ने अपने अध्ययन में पाया है कि जब हम सपना देखते हैं, तब हमारा दिमाग या मस्तिष्क उतना ही सक्रिय होता है, जितना जागते वक्त सक्रिय रहता है। मगर हमारे मस्तिष्क का तर्क और तर्क करने वाला हिस्सा कुछ कम ही सक्रिय होता है। इसीलिए सपनों में अक्सर अजीब और अतार्किक चीजें देखने को मिलती हैं।

सपने को लेकर कई कहावतें और मुहावरे भी प्रायः सुनने को मिलते हैं। मसलन, 'सपना पूरा होना', जिसका मतलब मनचाहा काम या इच्छा के पूरे होने से लगाया जाता है। इसी प्रकार अक्सर हम किसी के बारे में कहते भी हैं कि वह तो सपनों में ही जीता है, यानी काल्पनिक बातों में या कल्पनाओं में ही खोया रहता है। इसी संदर्भ में लोक के बीच सुनी-सुनाई जाने वाली एक कहानी का उल्लेख किया जा सकता है। किसी गांव में एक ख्यालीराज रहता था जो दिन भर स्वप्नरंजन में लगा रहता था, या कहें कि सपनों में ही जीता था। एक दोपहर वह अपने घर के सामने स्टूल पर एक छड़ी लेकर ऊंघते हुए बैठा हुआ था कि सामने रास्ते से जा रहे अंडों के एक विक्रेता को धूप में कुछ मूर्छा-सी आने लगी। ख्यालीराज ने उसे सहारा दे अपने स्टूल पर बिठाया और घर में से ठंडा पानी लाकर पिलाया। कुछ ही देर में वह व्यक्ति अच्छा महसूस करने लगा तथा वहां से निकलते हुए उसने धन्यवाद स्वरूप ख्यालीराज को बारह अंडे एक छोटी टोकरी में डाल कर दे दिए। अंडे वाला तो चला गया और इधर ख्यालीराज अंडों की टोकरी सामने रख ख्यालों या स्वप्नरंजन में खो गया कि ये अंडे वह घास के पुले में रख देगा, ताकि इनमें से चूजे निकलें। बारह मुर्गियों के हर दिन बारह अंडे मिलने लगेंगे, जिन्हें वह फिर से घास के पुलों में रखता चलेगा और मुर्गियों की संख्या बढ़ाता चलेगा।

# पृथ्वी मात्र एक ग्रह नहीं, हमारा अस्तित्व है



**डॉ. मुश्ताक़ अहमद शाह सहज़, हरदा**

आज जब हम विश्व पृथ्वी दिवस मना रहे हैं, तो यह केवल कैलेंडर की एक तारीख़ नहीं, बल्कि मानवता के लिए आत्म-मंथन का एक क्षण होना चाहिए। इस वर्ष की थीम केवल नारों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह उस चरम बिंदु की ओर इशारा कर रही है जहाँ से वापसी का मार्ग संकुचित होता जा रहा है। विकास की अंधी दौड़ और प्रकृति का हाशिया ये विचारणीय है। पिछली दो शताब्दियों में हमने प्रगति की जिस परिभाषा को गढ़ा है, उसमें प्रकृति कहीं न कहीं गौण हो गई। हमने कांक्रीट के जंगलों को सभ्यता का मानक मान लिया और वास्तविक जंगलों को संसाधन की खान।

### आज परिणाम हमारे सामने हैं

अनिश्चित जलवायु परिवर्तन और असमय वर्षा, भीषण लू और पिघलते ग्लेशियर अब केवल वैज्ञानिक शोधों के विषय नहीं, बल्कि हमारी रोजमर्रा की वास्तविकता हैं। जैव विविधता का संकट, हर साल हजारों प्रजातियां विलुप्त हो रही हैं, जो हमारे पारिस्थितिकी तंत्र की उस कड़ी को कमज़ोर कर रही हैं जिस पर मानव जीवन टिका है। हम एक ऐसे युग में जी रहे हैं जहां उपयोग करो और फेंको की संस्कृति चरम पर है। प्लास्टिक प्रदूषण केवल महासागरों को ही नहीं, बल्कि हमारे भोजन के माध्यम से हमारे रक्त प्रवाह तक पहुंच चुका है। विश्व पृथ्वी दिवस पर विशिष्ट चिंतन इस बात पर होना चाहिए कि क्या हम आवश्यकता और लालच के बीच की धुंधली रेखा को पहचान पा रहे हैं ? पृथ्वी हर मनुष्य की ज़रूरत को पूरा करने के लिए पर्याप्त संसाधन प्रदान करती है, अक्सर हम पर्यावरण संरक्षण का उत्तरदायित्व सरकारों और अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों पर छोड़ देते हैं। लेकिन पृथ्वी का पुनरुद्धार एक जन-आंदोलन की मांग करता है। विशिष्ट बदलाव के लिए हमें तीन स्तरों पर कार्य करना होगा। जीवनशैली में सादगी, न्यूनतम कार्बन फुटप्रिंट के साथ जीने की कला सीखना। ऊर्जा की बचत और जल संरक्षण को विकल्प नहीं, बल्कि कर्तव्य समझना। सर्कुलर इकोनॉमी को बढ़ावा, कचरे को संसाधन में बदलना। रिसाइकिलिंग से बेहतर है कि हम वस्तुओं के पुनः उपयोग और कम उपयोग की संस्कृति विकसित करें। स्वदेशी ज्ञान का सम्मान, हमारी पारंपरिक पद्धतियां, जो प्रकृति के साथ तालमेल बिठाकर चलने की सीख देती हैं, उन्हें आधुनिक तकनीक के साथ जोड़ना होगा।

### आने वाली पीढ़ियों के लिए ऋण

हम इस पृथ्वी के मालिक नहीं, बल्कि इसके ट्रस्टी हैं। हमें यह ग्रह हमारे पूर्वजों से विरासत में नहीं मिला, बल्कि हमने इसे अपनी आने वाली पीढ़ियों से उधार लिया है। आज का दिन संकल्प लेने का है, एक ऐसा संकल्प जहां विकास और पर्यावरण एक-दूसरे के विरोधी नहीं, बल्कि पूरक हों। यदि हम आज भी नहीं संभले, तो इतिहास हमें उस पीढ़ी के रूप में याद रखेगा जिसने सब कुछ जानते हुए भी कुछ नहीं किया। आइए, इस पृथ्वी दिवस पर शब्दों से आगे बढ़कर कर्म की ओर बढ़ें।

संक्षिप्त समाचार

## अब थाने पर हमले के मामले में घिरेगा सांसद अमृतपाल

- एनएसए खत्म होने से पहले डिब्रूगढ़ पहुंची अमृतसर पुलिस

**अमृतसर (एजेंसी)।** पंजाब के खडूर साहिब से सांसद अमृतपाल सिंह की गिरफ्तारी को लेकर हलचल तेज हो गई है। पंजाब पुलिस की एक विशेष टीम असम के डिब्रूगढ़ सेंट्रल जेल पहुंच चुकी है, जहां अमृतपाल सिंह फिलहाल एनएसए के तहत बंद हैं। अमृतपाल सिंह की एनएसए हिरासत 22 अप्रैल को समाप्त हो रही है। सूत्रों के अनुसार जैसे ही उनकी नजरबंदी खत्म होगी अमृतपाल सिंह को अजनाला मामले में गिरफ्तार करके स्थानीय अदालत में पेश किया जाएगा, जहां से रिमांड लिया जाएगा। इसके बाद मुकदमे की कार्रवाई शुरू होने की संभावना है।



### अप्रैल 2023 में किया था अमृतपाल को गिरफ्तार

अमृतपाल सिंह को अप्रैल 2023 में मोगा के रोड़े गांव से गिरफ्तार किया गया था। इससे पहले फरवरी 2023 में अजनाला पुलिस थाना पर हमले का मामला सामने आया था, जहां वे अपने समर्थकों के साथ मिलकर बैरिकेड्स तोड़कर थाने में दाखिल हुए थे और एक साथी को छुड़ाने के लिए पुलिस से झड़प भी हुई थी। हथियारों के साथ थाने पर धावा बोला। इस मामले में अमृतपाल सिंह समेत कुल 41 लोगों के खिलाफ हत्या के प्रयास, सरकारी कर्मचारियों पर हमला, आपराधिक साजिश और दंगा जैसे गंभीर आरोप दर्ज किए गए हैं। पुलिस के मुताबिक, अमृतपाल इस केस के मुख्य आरोपी हैं और उनकी गिरफ्तारी के बाद ट्रायल की प्रक्रिया तेज की जाएगी। इसके अलावा, अमृतपाल सिंह के खिलाफ विभिन्न जिलों में कई अन्य मामले भी दर्ज हैं। ऐसे में आने वाले दिनों में यह मामला न केवल कानूनी बल्कि राजनीतिक रूप से भी अहम मोड़ ले सकता है।

## शिवगंगा में भीड़ ने छीने जब्त किए 13.44 लाख कैश

- कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम के ऑफिस में थी मोटी रकम

**शिवगंगा (एजेंसी)।** तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के दौरान शिवगंगा में भीड़ ने चुनाव ड्यूटी में लगे फ्लाइंग स्क्वॉड से 13.44 लाख रुपये की रकम छीन ली। यह रकम शिवगंगा के सांसद कार्ति चिदंबरम के ऑफिस से छापे के बाद जब्त की गई थी। भागने से पहले आरोपियों ने फ्लाइंग स्क्वॉड में शामिल कर्मचारियों की गाड़ी की चाबी भी ले गए। पुलिस ने इस मामले में पलानियप्पन नाम के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। चुनाव पर्यवेक्षक में जुटे अधिकारियों को सोमवार को सूचना मिली थी कि शिवगंगा के सांसद कार्ति चिदंबरम के कराईकुड़ी स्थित ऑफिस पर बड़ी रकम रखी गई है, जिसे वोटरों में बांटा जाना है। सूचना के आधार पर स्क्वॉड ने छापेमारी की। कार्ति चिदंबरम के ऑफस में दो बैग और एक कपड़े का थैला मिला, जिसमें नोट भरे थे। अफसरों ने रकम जब्त कर ली। जब अफसर पैसे लेकर जाने लगे तो वहां मौजूद पलानियप्पन ने रकम गिनने की मांग कर दी। फिर अफसरों ने नोटों को गिना, जिसकी वीडियो रेकॉर्डिंग की गई। गिनती में 13.44 लाख रुपये होने की पुष्टि हुई। इसके बाद जब फ्लाइंग स्क्वॉड के अफसर दोबारा रकम लेकर जाने लगे तो वहां 30-35 लोग आ धमके।



### चुनाव अधिकारियों के हाथों से छीना बैग

आरोप है कि लोगों ने चुनाव अधिकारियों से धक्का-मुक्की शुरू कर दी। स्क्वॉड जब रकम लेकर गाड़ी के पास पहुंचने वाली थी, तभी उनके हाथों से बैग छीन लिया गया। इसके बाद अफरातफरी का माहौल बनाकर आरोपी भाग गए। भीड़ में किसी ने पीछा किए जाने की आशंका को भांपते हुए अफसरों की गाड़ी की चाबी निकाल ली, जिससे चुनाव अधिकारी वहीं फंसकर रह गए।

# पीएम मोदी के खिलाफ खरगे फिर हुए 'बेकाबू'

**कांग्रेस चीफ ने की आपत्तिजनक टिप्पणी-वे एक आतंकवादी हैं**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर बहुत ही आपत्तिजनक बयान दिया है। खरगे ने पीएम मोदी को 'आतंकवादी' बताया है। तमिलनाडु विधानसभा चुनाव प्रचार के आखिरी दिन कांग्रेस अध्यक्ष ने एआईएडीएमके के एनडीए में शामिल होने के खिलाफ इस तरह की भाषा का इस्तेमाल किया है। तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के लिए 23 अप्रैल को मतदान होना है। मंगलवार को चुनाव प्रचार का आखिरी दिन है। पार्टी के प्रचार के सिलसिले में चेन्नई पहुंचे कांग्रेस अध्यक्ष ने एक प्रेस कांफ्रेंस में पीएम मोदी को लेकर इस तरह की भाषा का इस्तेमाल किया है।




### लोकतंत्र कमजोर कर रहा है एआईएडीएमके

मल्लिकार्जुन खरगे ने आगे कहा, ...और ये लोग (एआईएडीएमके)उनके साथ शामिल हो रहे हैं, इसका मतलब है कि ये लोग लोकतंत्र को कमजोर कर रहे हैं....। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि आपको ऐसा नेता चाहिए, जो बीजेपी के सामने न झुके और लड़ने के लिए तैयार रहे जैसे कि एमके स्टालिन। आज एआईएडीएमके ने अपनी पहचान खो दी है। यह बीजेपी का मूक-गुलाम पार्टनर बन गया है। यह तमिलनाडु की हितों की रक्षा नहीं कर सकता, क्योंकि यह पीएम मोदी का गुलाम बन चुका है। इसके बाद खरगे ने पीएम मोदी को 'आतंकवादी' बताने वाले अपने बयान पर सफाई देने की कोशिश की। उन्होंने कहा, वे (पीएम मोदी) लोगों और राजनीतिक दलों को डरा रहे हैं। मैंने उन्हें कभी भी आतंकवादी नहीं कहा...मेरे कहने का मतलब क्या है...मैं स्पष्ट करना चाहता हूं..कि मोदी हमेशा धमकाते हैं। ईडी, आईटी और सीबीआई जैसे संस्थान उनके हाथों में हैं। वह परिसीमन को भी अपने हाथों में लेना चाहते हैं। इससे पहले मल्लिकार्जुन खरगे 2023 के कर्नाटक विधानसभा चुनाव में प्रधानमंत्री की तुलना 'जहरीले सांप' से भी कर चुके हैं। 2022 में गुजरात विधानसभा चुनाव के दौरान खरगे ने पीएम मोदी की तुलना 'रावण' से करते हुए पूछा था कि आपके रावण की तरह 100 मुख हैं क्या।

## दुनिया अब भारत के ज्ञान से लगा रही है बड़ी उम्मीद

- मोहन भागवत बोले-राजा से विज्ञान तक सब मॉडल फेल
- संघ चीफ बोले-विज्ञान और धर्म दोनों से नहीं मिली शांति

**अगरतला (एजेंसी)।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने मंगलवार को कहा कि 2000 साल तक शासन, धर्म और विज्ञान के अलग-अलग प्रयोगों के बाद अब दुनिया भटक गई है और भारत के ज्ञान की ओर देख रही है। उन्होंने यह बात त्रिपुरा के मोहनपुर में धार्मिक कार्यक्रम में कही। भागवत मां सौंदर्य चिन्मयी मंदिर के प्रतिष्ठा और कुंभाभिषेक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। भागवत ने कहा कि पहले सत्ता राजा को दी गई, लेकिन बाद में राजा ही जनता का शोषण करने लगा। इसके बाद लोगों ने भगवान को सर्वोच्च मानकर धर्म बनाए, लेकिन इससे भी खून-खराबा नहीं रुका। विज्ञान के दौर में भी मानव की समस्याएं खत्म नहीं हुई। लोगों ने कहा कि हम वैज्ञानिक हैं, जब तक भगवान लैब में नहीं दिखेगा, हम नहीं मानेंगे। इसके बाद विज्ञान का दौर आया। कई सुविधाएं और आराम मिले, लेकिन संतोष नहीं आया। आज भी दुनिया में दुख है, परिवार टूट रहे हैं, अपराध बढ़ रहे हैं। युद्ध शुरू होते हैं तो रुकते नहीं। विकास जितना बढ़ रहा है, पर्यावरण उतना ही नष्ट हो रहा है। अब 2000 साल के इन प्रयोगों के बाद दुनिया भटक रही है और भारत के ज्ञान की ओर उम्मीद से देख रही है। उन्होंने इसे भारत का कर्तव्य बताया और कहा कि यही भारत के जीवन का उद्देश्य है। कार्यक्रम में त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा और अन्य गणमान्य लोग भी मौजूद थे।



# 'सुप्रीम' सवाल, छूने से देवता अपवित्र कैसे

- सबरीमाला के वकील बोले-भगवान अयप्पा ब्रह्मचारी इसलिए पूजा की प्रथा भी वैसी



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को सबरीमाला अयप्पा मंदिर के मुख्य पुजारी से पूछा कि क्या संविधान उस भक्त की मदद के लिए आगे नहीं आएगा जिसे देवता को छूने की इजाजत नहीं है। सुप्रीम कोर्ट की यह टिप्पणी तब आई जब मुख्य पुजारी ने कहा कि कोई भक्त पूजा के लिए मंदिर जाता है, तो वह देवताओं की विशेषताओं के विपरीत नहीं हो सकता। नौ जजों की संविधान पीठ धार्मिक स्थलों पर महिलाओं के साथ होने वाले भेदभाव से जुड़ी याचिकाओं पर सुनवाई कर रही है, जिसमें केरल के सबरीमाला मंदिर का मामला भी शामिल है।

### मंदिर में होने वाले समारोहों की प्रकृति धर्म का अभिन्न अंग

मुख्य पुजारी की ओर से पेश हुए वरिष्ठ वकील वी गिरि ने दलील दी कि किसी मंदिर में होने वाले समारोहों और रीति-रिवाजों की प्रकृति उस धर्म का एक अभिन्न अंग होती है, और इसलिए उसे एक धार्मिक प्रथा माना जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसी प्रथा जारी रखना, जो एक अनिवार्य धार्मिक प्रथा है, पूजा के अधिकार का ही एक हिस्सा होगा। यह अधिकार उस धर्म या संप्रदाय में विश्वास रखने वाले हर सदस्य के लिए है। गिरि ने कहा, जब कोई भक्त पूजा के लिए मंदिर जाता है, तो वह देवता की विशेषताओं के विपरीत नहीं हो सकता।

**क्या संविधान मेरी मदद के लिए आगे नहीं आएगा**

एक सवाल पूछते हुए जस्टिस अमनुल्लाह ने कहा, जब मैं किसी मंदिर में जाता हूं, तो मेरा मूल विश्वास यह होता है कि वही भगवान हैं, वही मेरे रचयिता हैं,उन्होंने ही मुझे बनाया है—है ना। मैं वहां सौ प्रतिशत विश्वास के साथ जाता हूं। मैं पूरी तरह से समर्पित होता हूं, मेरे दिल में किसी भी तरह की कोई अशुद्धि नहीं होती और ऐसे में, मुझे यह कहा जाता है कि मेरे जन्म, मेरी वंश-परंपरा या किसी विशेष परिस्थिति के कारण, मुझे हमेशा के लिए देवता को छूने की इजाजत नहीं है। तो अब, क्या संविधान मेरी मदद के लिए आगे नहीं आएगा।

## बिहार विधानसभा में श्रवण कुमार को मिली जेडीयू की कमान

- बने विधायक दल के नेता, नीतिश कुमार ने लगाई नाम पर मुहर

**पटना (एजेंसी)।** बिहार विधान सभा में जनता दल यूनाइडेट (जेडीयू) के विधायक दल के नेता श्रवण कुमार को चुनाव गया है। विधायक दल के नेता के रूप में श्रवण कुमार के नाम पर जेडीयू अध्यक्ष और पूर्व



सीएम नीतिश कुमार ने अपनी मंजूरी की मुहर लगा दी। जेडीयू ने विधानसभा में नेता के तौर पर श्रवण कुमार का नाम विधान सभा भेज दिया है। इसकी पुष्टि विधान सभा की ओर से जारी नोटिफिकेशन से हुई है। बिहार विधानसभा की ओर से जारी नोटिफिकेशन में बताया गया है कि जेडीयू ने विधायक दल के नेता के तौर पर श्रवण कुमार को चुना है। इसके पहले सोमवार को जेडीयू विधायक दलों की बैठक नीतिश कुमार के 1 अणे मार्ग पर हुई थी। इस बैठक में नीतिश कुमार को विधायक दल का नेता चुने जाने के लिए अधिकृत किया था। आज नीतिश कुमार ने श्रवण कुमार के नाम पर मुहर लगा दी है। जेडीयू विधायक दल की बैठक में नीतिश कुमार ने अपने विधायकों को 200 सीट के लक्ष्य को ध्यान में रखकर काम करने का निर्देश दिया था।

# भीषण गर्मी और 'लू' की चपेट में देश

**लोगों का जीना हो गया मुहाल,सड़कें सूनी, घरों पर दुबके लोग**

### मध्य प्रदेश में पहली बार रात में लू का अलर्ट जारी,बढ़ा संकट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश के मैदानी इलाकों में तेज गर्मी जारी है। राजस्थान, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, ओडिशा और दिल्ली में कई जगह पारा 44 डिग्री पार पहुंच गया है। कई जगह लू का भी अलर्ट है। मध्य प्रदेश के भोपाल में पहली बार रात में लू चलने की चेतावनी दी गई है। भोपाल, छिंदवाड़ा, मंडला, नर्मदापुरम, ग्वालियर, रतलाम और छतरपुर समेत 16 जिलों में लू चलने के आसार हैं।



उत्तर प्रदेश में प्रयागराज में 44.4 डिग्री के साथ देश में सबसे गर्म रहा। गर्मी को देखते हुए 8वीं तक के स्कूलों का टाइम बदल दिया गया है। झारखंड में भी आज से स्कूलों के समय में बदलाव किया है। महाराष्ट्र के गोंदिया और छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में सोमवार को पारा 43 डिग्री दर्ज हुआ। दोनों जिलों में दोपहर 12.30 बजे से 4 बजे तक ट्रैफिक सिग्नल बंद कर दिए गए हैं, ताकि लोगों को चौराहों पर धूप में खड़ा न रहना पड़े।

### उत्तर प्रदेश के 26 जिलों में लू का अलर्ट

प्रदेश में 26 जिलों का तापमान 40 डिग्री या इससे ज्यादा पहुंच गया। मौसम विभाग ने अगले 4 दिनों तक दिन में लू का अलर्ट जारी किया है। भीषण गर्मी को देखते हुए योगी सरकार ने 8वीं तक के सरकारी स्कूलों की टाइमिंग बदल दी है। मंगलवार सुबह से प्रयागराज, काशी, कानपुर में तेज धूप निकली है।

### पूर्वोत्तर में अगले 15 दिन रिकॉर्ड बारिश संभव

असम की राजधानी गुवाहाटी के खानापारा इलाके में 21.59 सेमी बारिश दर्ज की गई। गुवाहाटी में मूसलाधार बारिश के बाद सोमवार को बाढ़ जैसे हालात बन गए, जिससे जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ और एक महिला की मौत हो गई। हालात को देखते हुए सभी स्कूल बंद कर दिए गए हैं। पूर्वोत्तर भारत में अगले 15 दिनों में एशिया में सबसे ज्यादा बारिश होने की संभावना है। विशेषज्ञों के अनुसार, अरुणाचल प्रदेश, मेघालय और नगालैंड में इस हफ्ते भारी बारिश की आशंका है। अनुमान है कि 20 से 22 अप्रैल के बीच कई इलाकों में तेज बारिश होगी, जबकि 23 अप्रैल को थोड़ी राहत मिल सकती है।

## केरलम में पटाखा फैक्ट्री में ब्लास्ट, 13 की मौत

- 10 शव बरामद, 3 लोगों के शरीर के हिस्से बिखरे मिले

**त्रिशूर (एजेंसी)।** केरलम के त्रिशूर जिले में मंगलवार दोपहर 3.30 बजे पटाखा फैक्ट्री में ब्लास्ट हुआ। हादसे में 13 लोगों की मौत हो गई। फैक्ट्री में कई लोग झुलस गए। घायलों को आसपास के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के मुताबिक, मौके से 10 शव मिले, जबकि 3 लोगों के शरीर के हिस्से मिले है। 5 घायलों की हालत गंभीर है। 17 लोगों को मामूली चोटें आई हैं। पटाखे खेतों के बीच बने शेड में बनाए जा रहे थे। हादसे के समय करीब 40 लोग मौजूद थे। फायर ब्रिगेड, पुलिस और रेस्क्यू टीमें मौके पर पहुंचीं, लेकिन रुक-रुक कर विस्फोट होने से रेस्क्यू में दिक्कत आई। पीएम मोदी ने हादसे में मरने वाले लोगों के लिए संवेदना जताई और मृतकों के परिवार को 2-2 लाख रुपए और घायलों को 50 हजार के मुआवजे का ऐलान किया है।

## हिमाचल कांग्रेस में 'काम करो या पद छोड़ो' पॉलिसी

- पदाधिकारियों के काम की मॉनिटरिंग होगी, 3 जोन में मूल्यांकन; रेड जोन वाले पद से हटेंगे

**शिमला (एजेंसी)।** हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस संगठन को मजबूत और जवाबदेह बनाने के लिए 'परफॉर्मेंस बेस्ड फ्रेमवर्क' लागू करने की तैयारी है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के निर्देशों पर इसके लिए एक 'मोबाइल ऐप' तैयार किया जा रहा है। इसके जरिए ब्लॉक व जिला अध्यक्षों के साथ-साथ राज्य कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारियों के काम की मॉनिटरिंग की जाएगी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार ने बताया कि पार्टी पदाधिकारियों की परफॉर्मेंस को तीन जोन- ग्रीन, येलो और रेड में बांटा जाएगा। ग्रीन जोन में बेहतरीन काम करने वाले ब्लॉक व जिला अध्यक्ष और राज्य कार्यकारिणी के पदाधिकारी रखे जाएंगे। योजना अनुसार, भविष्य में ऐसे नेताओं को संबंधित चुनाव क्षेत्र से लोकसभा, राज्यसभा और विधानसभा के टिकट दिए जाएंगे। ऐसे नेताओं को संगठन में बड़े पद भी मिलेंगे।




### काम में सुधार नहीं हुआ तो पदमुक्त

यलो जोन में औसत प्रदर्शन करने वाले नेता रखे जाएंगे, जिनसे अपने काम में सुधार की अपेक्षा होगी, जबकि रेड जोन में अच्छा काम नहीं करने वाले जिला व ब्लॉक अध्यक्ष और अन्य पदाधिकारी रखे जाएंगे। ऐसे नेताओं को 'परफॉर्म करो या पद छोड़ो' की नीति पर काम करना होगा।

- भोपाल में हिंदू संगठनों ने कर्मचारियों को तिलक लगाया

# एमपी में लेंसकार्ट शोरूम घेरा, तिलक-कलावा पर बवाल

**भोपाल (एजेंसी)।** भोपाल के न्यू मार्केट रोशनपुरा में ड्रेस कोड के खिलाफ लेंसकार्ट शोरूम के बाहर हिंदू उत्सव समिति के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने कर्मचारियों को तिलक लगाया, मंत्रोच्चार के साथ कलावा बांधा। कहा- सनातन का अपमान, नहीं सहेगा हिंदुस्तान। हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी ने कहा कि संगठन लेंसकार्ट के बहिष्कार का आह्वान कर रहा है। यह हिंदुस्तान है, यहां तिलक, कलावा और बिंदी का सम्मान होना चाहिए। अगर कंपनी ने इन पर रोक लगाने की कोशिश की, तो इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कॉरपोरेट कंपनियों से कहा- सनातन धर्म के प्रतीकों का अपमान हुआ, तो सख्त विरोध किया जाएगा। भले ही कंपनी के सीईओ पीयूष बंसल ने माफी मांगी हो, लेकिन संगठन इसे स्वीकार करने को तैयार नहीं है। अगर हमने कंपनी को ऊंचाइयों तक पहुंचाया है, तो जरूरत पड़ने पर उसे नीचे भी ला सकते हैं।



### सिंदूर-कलावा पर रोक स्वीकार्य नहीं: संत समिति की धमकी

मध्य प्रदेश संत समिति के अध्यक्ष महाराज अनिल आनंद ने कहा कि कथित गाइडलाइन में महिलाओं को सिंदूर और कलावा पहनकर आने से रोकने की बात कही गई है, जो स्वीकार्य नहीं है। उनके मुताबिक भारत में सनातन परंपराओं का सम्मान होना चाहिए। किसी भी कंपनी को धार्मिक प्रतीकों पर रोक लगाने का अधिकार नहीं है। विवाद के बीच शोरूम के कर्मचारी मनीष भमारे ने कहा कि उन्हें कभी तिलक या कलावा पहनने से नहीं रोका गया। उन्होंने बताया कि नवरात्रि में वे तिलक और कलावा लगाकर काम पर आए थे।

# बंगाल में अब बाइक रैली पर भी ईसी का शिकंजा

**पीछे भी बैठे तो खैर नहीं,चुनाव आयोग ने लगाया प्रतिबंध!**

**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल में स्वतंत्र, निष्पक्ष और भयमुक्त चुनाव सुनिश्चित करने के लिए राज्य के मुख्य चुनाव अधिकारी के कार्यालय ने मोटरसाइकिल के उपयोग पर कड़े प्रतिबंध लगाये हैं। आयोग द्वारा 20 अप्रैल को जारी अधिसूचना के अनुसार, मतदान से 48 घंटे पहले किसी भी प्रकार की बाइक रैली की अनुमति नहीं होगी। आयोग के सूत्रों के अनुसार, यह देखा गया है कि चुनाव प्रचार समाप्त होने के बाद भी राजनीतिक दल बाइक रैलियां निकालते हैं, जिनके जरिए कई मामलों में मतदाताओं को डराने-धमकाने की कोशिश की जाती है।



### संकरी गलियों से कैश या शराब ले जाने पर लगेगी रोक

सीईसी के दफ्तर के एक अधिकारी ने बताया कि राजनीतिक पार्टियां कभी-कभी संकरी गलियों और उप-गलियों से कैश या शराब ले जाने के लिए मोटरसाइकिलों का इस्तेमाल करती हैं, जहां आमतौर पर मुख्य सड़कों पर चार-पहिया वाहनों पर नजर रखने वाली चौकियां नहीं होतीं। उनके अनुसार,इन पाबंदियों का मकसद मतदाताओं को प्रलोभन देने के इस तरीके को खत्म करना और बिना किसी हिंसा के चुनाव का माहौल सुनिश्चित करना है।

● सीएमओ उइके ने दिया समय पर भुगतान का आश्वासन

# वेतन में देरी से सफाई कर्मी पहुंचे नगर पालिका

**अनोखा तीर, सिवनी मालवा।**



नगर पालिका में कार्यरत सफाई कर्मचारियों को हर महीने वेतन समय पर नहीं मिलने से नाराज सफाई कर्मी मंगलवार को दोपहर को नगर पालिका कार्यालय पहुंचे। कर्मचारियों ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी अमर सिंह उइके से मुलाकात कर अपनी समस्या बताई। सफाई कर्मियों का कहना है कि हर माह तनख्वाह देरी से मिलने के कारण उन्हें घर चलाने में काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। वेतन ही उनकी आजीविका का एकमात्र साधन है, जिसके समय पर न मिलने से घर का खर्च चलाना मुश्किल हो गया है। सफाई कर्मचारी की बात सुनकर मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने बताया कि नगर पालिका की आय के प्रमुख स्रोत दुकान किराया और शासन से मिलने वाली चुंगी राशि समय पर प्राप्त नहीं हो रही है। इसी वजह से कर्मचारियों का वेतन जारी करने में विलंब हो रहा है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी अमर सिंह उइके ने सफाई कर्मचारियों को विश्वास दिलाया कि दुकान किराया समेत अन्य टैक्सों की वसूली में तेजी लाई जाएगी। साथ ही शासन स्तर पर भी चुंगी राशि जल्द जारी कराने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कर्मचारियों से कहा कि नगर पालिका का पूरा प्रयास रहेगा कि भविष्य में सभी को समय पर वेतन मिले। अधिकारी की समझाइश के बाद सभी सफाई कर्मचारी संतुष्ट होकर अपने काम पर लौट गए।

## छेड़छाड़ के आरोपी को एक साल की जेल, 500 रुपए जुर्माना

**अनोखा तीर, सिवनीमालवा।** न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी सरोज डेहरिया के न्यायालय ने छेड़छाड़ के मामले में आरोपी को एक वर्ष के साधारण कारावास और अर्थदंड से दंडित किया है। अभियोजन की ओर से पैरवी सहायक लोक अभियोजक बीएस दांगी ने की जानकारी के अनुसार 11 सितंबर 2021 को ग्राम धरमकुंडी फरियादिया ने थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया कि सुबह करीब 11:30 बजे जब उसका पति भीलटदेव गया था, तब नीलगिरी कॉलोनी निवासी विजय उसके घर आया और बुरी नीयत से हाथ से लिखी चिट्ठी फेंक कर दी। फरियादिया के शोर मचाने पर पड़ोसी एकत्र हुए तो आरोपी ने उसके साथ हाथ-मुक्कों से मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने शिकायत पर आरोपी के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में पेश किया। मामले की सुनवाई करते हुए प्रथम श्रेणी न्यायाधीश सरोज डेहरिया ने आरोपी को दोषी पाते हुए एक वर्ष के साधारण कारावास एवं 500 रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई।

किन्नर समाज की अनोखी मिसाल

# अनाथ बेटी को दिया मां-बाप का प्यार धूमधाम से कराई शादी



**अनोखा तीर, नर्मदापुरम।**

समाज में मानवता, ममता और जिम्मेदारी की एक अनूठी मिसाल पेश करते हुए किन्नर समाज ने एक अनाथ बेटी को अपनाकर उसका पालन-पोषण किया और बड़े होने पर पूरे हिंदू रीति-रिवाजों के साथ उसकी शादी धूमधाम से संपन्न कराई।

यह आयोजन न केवल क्षेत्र में चर्चा का विषय बना, बल्कि समाज को एक सकारात्मक संदेश भी दे गया। किन्नर गुरु गोरी दीदी ने बताया कि समाज में अक्सर किन्नर वर्ग को अलग नजरिए से देखा जाता है, लेकिन इस पहल के माध्यम से यह संदेश देने का प्रयास किया गया है कि किन्नर समाज भी संवेदनाओं, जिम्मेदारियों और रिश्तों को पूरी निष्ठा से निभाता है। वहीं किन्नर नेहा दीदी ने भावुक होकर बताया कि बच्ची के माता-पिता उसे बचपन में ही छोड़कर चले गए थे। ऐसे में उन्होंने बच्ची को अपनाकर उसे अपने साये में पाला और मां-बाप दोनों का ही प्यार दिया। उन्होंने कहा कि बच्ची के पालन-पोषण में किसी भी प्रकार की कमी नहीं आने दी गई और उसे परिवार का पूरा स्नेह मिला। नेहा दीदी ने यह भी बताया कि वर्तमान समय में समाज में व्याप्त कुछ नकारात्मक प्रवृत्तियों को देखते हुए बच्ची की सुरक्षा को प्राथमिकता दी गई। इसी कारण उसकी देखभाल विशेष सतर्कता के साथ की गई, ताकि वह सुरक्षित वातावरण में बड़ी हो सके। नर्मदा गार्डन में आयोजित विवाह समारोह तीन दिनों तक चला, जिसमें हल्दी, मेहंदी, संगीत सहित सभी पारंपरिक रस्में पूरे उत्साह और उल्लास के साथ निभाई गई। समारोह में बड़ी संख्या में समाजजन, गणमान्य नागरिक और आसपास के लोग शामिल हुए। विवाह के दौरान पारंपरिक रीति-रिवाजों का विशेष ध्यान रखा गया और हर रस्म को विधि-विधान से संपन्न कराया गया। सीहोर जिले के एक सम्मानित विश्वकर्मा परिवार में किया गया, जहां उसे पूरे सम्मान और स्नेह के साथ स्वीकार किया गया। विदाई के समय माहौल भावुक हो गया, जहां किन्नर समाज के सदस्यों ने बेटी को आशीर्वाद देते हुए उसके सुखद वैवाहिक जीवन की कामना की। विदाई के दौरान बेटी को गृहस्थी का पूरा सामान, दैनिक उपयोग की आवश्यक वस्तुएं, फर्नीचर तथा सोने-चांदी के आभूषण भेंट किए गए, ताकि वह अपने नए जीवन की शुरुआत किसी कमी के बिना कर सके। यह विदाई पूरी तरह से एक माता-पिता द्वारा अपनी बेटी को दी जाने वाली जिम्मेदारी और स्नेह का प्रतीक नजर आई। इस पूरे आयोजन ने यह साबित कर दिया कि रिश्ते खून से नहीं, बल्कि भावनाओं और जिम्मेदारियों से बनते हैं। किन्नर समाज द्वारा निभाई गई यह भूमिका समाज के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण है, जो यह संदेश देती है कि सच्चा अपनापन और परवरिश किसी पहचान या वर्ग की मोहताज नहीं होती। इस पहल की क्षेत्रभर में सराहना हो रही है और लोग इसे सामाजिक समरसता और मानवता की मिसाल के रूप में देख रहे हैं।

## सार-समाचार

### श्री चित्रगुप्त प्रकटोत्सव पर पूजन, हवन और भंडारे का आयोजन

● चित्रांश गायकों द्वारा श्री चित्रगुप्त जी पर आधारित भजनों की दी जाएगी प्रस्तुति

**अनोखा तीर, भोपाल।** कायस्थम, मध्यप्रदेश 23 अप्रैल को भगवान श्री चित्रगुप्त जी के प्रकटोत्सव पर पूजन, हवन, प्रसादी वितरण और भंडारे का आयोजन करेगा। भगवान श्री चित्रगुप्त जी के पूजन, हवन का कार्यक्रम अपरान्ह 3 बजे से प्रोफेसर कॉलोनी में संकट मोचन हनुमान मंदिर



स्थित श्री चित्रगुप्त मंदिर में होगा। पूजन, हवन महाआरती के बाद इसी स्थान पर शाम 4 बजे से भंडारा होगा जो शाम 7 बजे तक चलेगा, जहां भक्तगण प्रसादी ग्रहण करेंगे। कायस्थ समाज की प्रसिद्ध भजन गायिका कविता सक्सेना, रत्ना खरे, गायक सर्वश्री राकेश रायजादा, राकेश श्रीवास्तव, प्रदीप रायजादा, एस. के. श्रीवास्तव, शैलेश श्रीवास्तव आदि भगवान श्री चित्रगुप्त पर आधारित भजन की प्रस्तुति देंगे। कायस्थम ने सभी चित्रांश बंधुओं से पूजन और भंडारे में शामिल होने की अपील की है। कायस्थम के विशेष आमंत्रित सदस्य अजय श्रीवास्तव एनएचडीसी और कार्यकारिणी सदस्य एडवोकेट उमंग खरे ने बताया कि भगवान श्री चित्रगुप्त के प्रकटोत्सव के अवसर पर प्रोफेसर कॉलोनी स्थित श्री चित्रगुप्त मंदिर पर आकर्षक पुष्प सज्जा की जाएगी। मंदिर परिसर को भी फूलों से सजाया जा रहा है।

### स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण



**अनोखा तीर, इटारसी।** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी चिकित्सालय की अधीक्षक द्वारा शहरी स्वास्थ्य केंद्र नाला मोहल्ला का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में रखी दवाइयों की जांच की गई तथा रोजाना के कार्यों के रजिस्टरों का अवलोकन किया गया। प्रभारी ने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान श्यामा प्रसाद मुखर्जी अस्पताल की अधीक्षीका डॉ. कमलेश कुमरे एवं डॉ. प्रियंक मिश्रा उपस्थित रहे।

# गेहूं खरीदी में अव्यवस्था पर कांग्रेस का हल्लाबोल तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन



**अनोखा तीर, सिवनी मालवा।**

गेहूं खरीदी में हो रही अनियमितताओं को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने मंगलवार को तहसीलदार को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

ब्लॉक अध्यक्ष प्रवीण रघुवंशी बल्लू के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया कि स्लॉट बुकिंग व्यवस्था फेल होने से किसानों को तारीख नहीं मिल रही और गेहूं खरीदी लेट लेट हो रही है 5 एकड़ से अधिक भूमि वाले किसानों का गेहूं खरीदने से मना किया जा रहा है। जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान हो रहा है कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मांग की है कि खरीदी प्रक्रिया पारदर्शी बनाई जाए, 5 एकड़ से बड़े किसानों की उपज भी बिना भेदभाव खरीदी जाए, उपार्जन सीमा 20 क्विंटल प्रति एकड़ की जाए और विवाह वाले किसानों को प्राथमिकता से भुगतान दिया जाए। सेटेलाइट सर्वे की त्रुटि से जिन किसानों के पंजीयन निरस्त हुए हैं, उन्हें तुरंत ठीक करने की मांग भी की गई।

इस दौरान नगर कांग्रेस के पदाधिकारी भी मौजूद रहे। कांग्रेसियों में अजय पटेल, मुकेश पटेल ब्लॉक अध्यक्ष प्रवीण रघुवंशी दीपक दीक्षित हेमंत यादव सुदेश शर्मा परमानंद पटेल महेश बढ़केड़िया अक्षय गौर अयूब अली विजय तिवारी प्रांजल रघुवंशी सचिन पटेल हेरिशन स्वामी अयूब अली विजय तिवारी प्रांजल रघुवंशी सचिन पटेल हेरिशन स्वामी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी उपस्थित रहे।

# नौ दिवसीय गणगौर उत्सव का समापन

नम आंखों से हुई रनुबाई की विदाई

**अनोखा तीर, रहटगांव।** ग्राम में नौ दिवसीय गणगौर उत्सव इस वर्ष धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। इस बार ग्राम में संतोष गौर के यहां मां पवनी विराजी थीं। नौ दिनों तक श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक पूजा-अर्चना और भजन-कीर्तन के साथ उत्सव मनाया। उत्सव के तहत 12 अप्रैल से 21 अप्रैल तक विभिन्न धार्मिक आयोजन हुए। माता रानी का रथ एक दिन के लिए दिलीप गौर के मैया के यहां रोका गया था, जिसके कारण मां रनु बाई की विदाई निर्धारित समय से एक दिन बाद मंगलवार को की गई। पूरे उत्सव के दौरान भक्तों में विशेष उत्साह देखने को मिला। देर रात तक भजनों का दौर चलता रहा, वहीं



महिलाओं की भजन मंडली ने गांव के आम के पेड़ के नीचे पारंपरिक पाती खेलकर आयोजन को जीवंत बना दिया। अंतिम दिवस पर श्रद्धालुओं ने मां रनु बाई को विदाई गीत सुनाए। मां रनु बाई एवं धनिया राजा की प्रतिमाओं और जवारों की शोभायात्रा पूरे गांव में निकाली गई। इसके बाद अजनाल नदी पर विधि-विधान से पूजन कर प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। उत्सव के अंतिम दिन इनामी भजन प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें कुड़ावा गणगौर मंडल को प्रथम, पिपलिया को द्वितीय और गुरज घाट को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। पूरे आयोजन का समापन श्रद्धा और भावनाओं के साथ मां रनु बाई की नम आंखों से विदाई के साथ हुआ।

## तमिलनाडु के चुनावी मैदान में उतरे सीएम मोहन यादव, कांग्रेस और डीएमके के गठजोड़ पर किया प्रहार



**भोपाल (नप्र)।** पश्चिम बंगाल के बाद तमिलनाडु के चुनावी मैदान में सीएम मोहन यादव प्रचार के लिए उतरे हैं। उन्होंने रोड शो के दौरान कहा कि तमिलनाडु में कहीं दूसरी 'अम्मा' जे. जयललिता न उभर आए, इस आशंका के चलते कांग्रेस और डीएमके जैसी विपक्षी पार्टियों ने गठजोड़ कर 'नारी शक्ति वंदन विधेयक' को सदन में रोकने का काम किया। इसे तमिलनाडु सहित पूरे देश की बहनों और जनता ने देखा है। ये वे दल हैं, जो नहीं चाहते हैं कि गरीब परिवारों की बेटियां आगे बढ़ें। इसके साथ ही सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हृदय में तमिलनाडु और तमिल संस्कृति का विशेष स्थान है और आज राज्य के विकास के लिए संकल्पित होकर केंद्र सरकार निरंतर सहयोग प्रदान कर रही है।

## ट्रांसमिशन लाइन मेंटेनेंस स्टॉफ अर्जुन कारले एवं आउटसोर्स कर्मी शिवपाल निकुम पुरस्कृत

**भोपाल (नप्र)।** मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी छैगांव में पदस्थ ट्रांसमिशन लाइन मेंटेनेंस स्टॉफ अर्जुन कारले एवं आउटसोर्स कर्मी शिवपाल निकुम को उनके उत्कृष्ट एवं असाधारण कार्य के लिए मुख्यालय जबलपुर में सम्मानित एवं पुरस्कृत किया गया।

दीपावली के दिन 220 केवी छैगांव-खंडवा सर्किट क्रमांक-2 में अचानक ब्रेकडाउन हो गया था, जिसके कारण त्यौहार के अवसर पर खंडवा की विद्युत आपूर्ति बाधित होने की आशंका उत्पन्न हो गई थी। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए लाइन स्टॉफ अर्जुन कालरे एवं आउटसोर्स कर्मी शिवपाल निकुम ने तत्परता और दक्षता का परिचय देते हुए फेल हुई डिस्क इंसुलेटर को मात्र 1 घंटे 26 मिनट में बदलकर ब्रेकडाउन को शीघ्रता से दुरुस्त किया। दोनों के द्वारा जिम्मेदारी पूर्वक की गई कार्रवाई से लाइन को न्यूनतम संभव समय में पुनः ऊर्जीकृत किया जा सका और खंडवा क्षेत्र में दीपावली के दौरान विद्युत आपूर्ति निर्बाध बनी रही।

श्री अर्जुन और श्री शिवपाल के इस सराहनीय एवं उल्लेखनीय कार्य के लिए मुख्यालय जबलपुर में आयोजित एक विशेष समारोह में सेवानिवृत्त मुख्य अभियंता एवं ट्रांसमिशन लाइन विशेषज्ञ श्री एन. जी. टिकेकर, प्रबंध संचालक श्री सुनील तिवारी ने उन्हें सिल्वर मेडल, प्रशस्ति पत्र एवं नगद पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया।

## साधु ने वकील पर किया त्रिशूल से हमला

### सिग्नल पर रुकी कार, गाली-गलौज के बाद वार; बचाव में हाथ आगे किया तो हथेली में लगा त्रिशूल

**भोपाल (नप्र)।** भोपाल के बागसेवनिया इलाके में सोमवार दोपहर एक साधु ने जिला न्यायालय में पदस्थ अपर लोक अभियोजक नारायण सिंह ठाकुर पर त्रिशूल से हमला कर दिया। घटना मिसरोद स्थित बापू की कुटिया के सामने लाल सिग्नल पर उस वक्त हुई, जब वे परिवार के साथ कार से घर लौट रहे थे। फरियादी के मुताबिक जैसे ही उन्होंने सिग्नल पर अपनी कार रोकी, तभी एक साधु वहां पहुंचा और गालियां देने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने त्रिशूल से कार के सामने के कांच पर वार कर दिया। इसके बाद वह ड्राइवर साइड आया और साइड विंडो पर भी त्रिशूल मारकर कांच तोड़ दिया।

**बचाव में हाथ आगे किया तो हथेली में घोंपा त्रिशूल -** घटना के दौरान आरोपी ने दोबारा हमला किया, जिसे रोकने के लिए वकील ने हाथ आगे किया। इस दौरान त्रिशूल उनकी दाहिनी हथेली में घुस गया, जिससे वे घायल हो गए और खून बहने लगा। आरोपी ने जान से मारने की धमकी भी दी। घटना के वक्त वकील की पत्नी, बेटा समेत मौके पर मौजूद अन्य लोगों ने बीच-बचाव किया। आरोपी भागने की कोशिश कर रहा था, तभी पुलिस को सूचना दी गई और मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे पकड़ लिया।

# एसडीओपी आयुष जाखड़ के समर्थन में उतरा आईपीएस एसोसिएशन

बीजेपी विधायक प्रीतम लोधी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की

**भोपाल (नप्र)।** मध्य प्रदेश में पिछोर विधानसभा सीट से बीजेपी विधायक प्रीतम लोधी ने करैरा एसडीओपी आयुष जाखड़ के खिलाफ मोर्चा खोल रहा है। साथ ही आईपीएस अधिकारी आयुष जाखड़ को धमकी दी है कि आपके आवास में गोबर भर दूंगा। अब आईपीएस एसोसिएशन एसडीओपी आयुष जाखड़ के समर्थन में उतर आया है।

**गरिमा के विपरीत है भाषा -** दरअसल, मध्य प्रदेश आईपीएस एसोसिएशन ने कहा है कि पिछोर विधायक प्रीतम लोधी के द्वारा करैरा एसडीओपी आयुष जाखड़ के संबंध सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल है। इस वीडियो में अभद्र, अमर्यादित और धमकी भरी भाषा का प्रयोग किया गया है, वह अत्यंत



निंदनीय और सार्वजनिक जीवन की गरिमा के विपरीत है।

**अधिकारियों के मनोबल पर पड़ता है प्रभाव -** आईपीएस एसोसिएशन ने कहा है कि नवनियुक्त पुलिस अधिकारी एवं उनके परिवार के प्रति की गई अपमानजक टिप्पणियां अमर्यादित और अशोभनीय है। यह आचरण एक जनप्रतिनिधि के पद की मर्यादा के विपरीत है। साथ ही प्रशासनिक तंत्र और समस्त अधिकारियों के मनोबल पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। ज्ञातव्य है कि विधायक प्रीतम लोधी के बेटे दिनेश लोधी ने थार से पांच लोगों को मारी थी टक्कर। करैरा पुलिस ने विधायक के बेटे के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। करैरा एसडीओपी आयुष जाखड़ ने विधायक के बेटे से पूछताछ की थी। इसके बाद विधायक प्रीतम लोधी ने अमर्यादित भाषा में धमकी दी। विधायक प्रीतम लोधी ने बेटे से पूछताछ के बाद धमकी भरे लहजे में एसडीओपी आयुष जाखड़ को कहा था कि करैरा तुम्हारे डैडी की नहीं है। मेरा बेटा करैरा में ही रहेगा और यही से चुनाव लड़ेगा। प्रीतम लोधी ने फिर दूसरे वीडियो में कहा था कि अगर एसपी स्पष्टीकरण नहीं देंगे तो एसडीओपी के बंगले में 10000 लोगों के साथ जाकर गोबर भर दूंगा। साथ ही धमकाते हुए कहा था कि हमारा इतिहास नहीं जानते हैं।

**भाषा को संयमित रखें -** वहीं, एसोसिएशन ने कहा कि जनप्रतिनिधियों से अपेक्षा की जाती है कि वे अपने आचरण एवं भाषा को संयमित और मर्यादित रखें। इस प्रकार की अमर्यादित भाषा और धमकीपूर्ण व्यवहार किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में स्वीकार्य नहीं है। यह प्रशासनिक तंत्र की निष्पक्षता को आहत करता है। एमपी आईपीएस एसोसिएशन इस कृत्य की कड़े शब्दों में निंदा करता है। साथ ही उचित कार्रवाई की मांग करता है।


## सार-समाचार

### महिलाओं को संतुलित भोजन अनाज के इस्तेमाल को लेकर किया जागरूक




**अनोखा तीर, बैतूल।** शहर के किदवई वार्ड भाग-1 की आंगनवाड़ी केंद्र में पोषण पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 1 अप्रैल से 23 अप्रैल तक सभी आंगनवाड़ी केंद्रों में चलाया जाएगा। इस पखवाड़े को मनाए जाने का उद्देश्य लोगो को संतुलित भोजन और मोटे अनाज को प्रतिदिन अपने भोजन में प्रयोग करने के लिए जागरूक करना है। इसी तारतम्य में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता गायत्री भास्कर द्वारा मोटे अनाज की सुंदर रंगोली बनाई गई। इसके साथ ही उपस्थित गर्भवती धात्री महिलाओं को और बच्चों की माता को जीवन के प्रमुख 1000 दिवस के महत्व को सुंदर चार्ट बनाकर समझाया। सभी महिलाओं को कार्यकर्ता द्वारा संतुलित आहार एवं रंग बिरंगी थाली क्यों आवश्यक है, इस बारे में भी जानकारी दी। आंगनबाड़ी केंद्र से प्रदाय टेक होम राशन से विभिन्न प्रकार के पकवान भी बनाए गए और महिलाओं को बताया कि किस प्रकार शासन द्वारा बताए टेक होम राशन को और रुचि कर बना सकते हैं। इसी कार्यक्रम में एचपीवी वैक्सीन जो की सर्वाइकल कैंसर से बचाव के बारे में भी जागरूक किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद थीं।

### सार्वजनिक शौचालय में स्वच्छता एवं सुविधाओं की उपलब्धता हेतु औचक निरीक्षण



**अनोखा तीर, खातेगांव।** नगर परिषद खातेगांव द्वारा स्वच्छ भारत मिशन शहरी अंतर्गत आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 की तैयारी एवं शहरी स्वच्छता सुविधाओं में बुनियादी सुधार व नागरिक सुविधा हेतु निकाय द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी उद्देश्य से आज नगर के मुख्य बस स्टैंड परिसर में स्थित सार्वजनिक शौचालय का मुख्य नगर पालिका अधिकारी निखिलेश चिंतामन एवं स्वच्छ भारत मिशन नोडल अधिकारी सुश्री गायत्री रावत द्वारा औचक निरीक्षण किया गया, जिसमें शौचालय परिसर की स्वच्छता, प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था, पर्याप्त जलापूर्ति, अधोसंरचनात्मक सुधार, शौचालय के मुख्य द्वार पर पोधे एवं गमलो की उपलब्धता, कूड़ेदानो उपलब्धता एवं उपयोगी मशीनों जैसे सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीन, इंसीनरेटर मशीन व हैंड ड्रायर के सुचारू संचालन के संबंध में निर्देश दिए गए, साथ ही शौचालय पर विशेष सफाई कार्य भी किया गया।

### अवैध शराब बैचने के विरोध में सरपंच एवं ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन

**अनोखा तीर, इटारसी।** आज थाना केसला में मोरपानी सरपंच ने क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि एवं महिलाओं के साथ थाना केसला पहुंचे सरपंच हेमराज़ उईके ने कहा क्षेत्र में शराब की वजह से युवाओ पर अंकुश नहीं है, परिवार को आर्थिक हानि हो रही है दुर्गेश धुर्वे ने बताया संगठन के माध्यम से पहले भी ज्ञापन दे चुके है और कई बार हाईवे में ठेकेदार के लोग चलती गाड़ी को रोक कर अवैध चेकिंग करके ग्रामीणों को परेशान करते है। इससे बड़ी घटना होने की आशंका है यदि इसमें रोक नहीं लगती है तो ब्लॉक के सभी सरपंच एकजुट होंगे और कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपेंगे। इस दौरान सरपंच मोरपानी हेमराज उईके, सरपंच संघ ज़िला उपाध्यक्ष दुर्गेश धुर्वे कास्दा खुर्द, विकास सेलुकर, मोहनलाल बरखने, सेवंती बाई, रुक्मणी बाई, शिवराज ठाकुर, गुलाब उईके, भभूत सिंह ठाकुर, सुनीता बाई, सुशीला बाई, पार्वती, महेश ठाकुर, लक्ष्मीनारायण कटारे सहित ग्रामीण जन उपस्थित रहे।




## ● जनसुनवाई में पहुंची स्वागत द्वार निर्माण में लगी सामग्री जांच की शिकायत

# भाजपा नगर परिषद अध्यक्ष के नेतृत्व में हो रहे निर्माणकार्य पर लगाए गंभीर आरोप

**अनोखा तीर, भैंसदेही।**

मंगलवार जन सुनवाई के दौरान नगर परिषद भैंसदेही का एक मामला सामने आया, जो हैरान करने वाला है, जिस स्वागत द्वार की वाहवाही मीडिया के माध्यम से जनप्रतिनिधियों द्वारा लूटी जा रही थी। वही स्वागत द्वार के जांच को लेकर लिखित शिकायत शिकायतकर्ता द्वारा जनसुनवाई में अनुविभागीय अधिकारी भैंसदेही के समक्ष की गई, जिस पर तत्काल सात दिवस के अंदर नगर परिषद सीएमओ से प्रतिवेदन के लिए अग्रेषित किया गया है, अब देखना यह होगा कि नगर परिषद भैंसदेही के जिम्मेदार किस तरह से जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हैं। शिकायतकर्ता द्वारा शिकायत के माध्यम से अवगत कराया कि वार्ड क्रं. 11 एवं 13 में बन रहे प्रवेश द्वार में घटिया किस्म की लोहा, सिमेंट, रेत आदि का प्रयोग किया गया है। और इन प्रवेश द्वारो की सही तरीके से तराई आदि भी नहीं की जा रही है। निमयो की अनदेखी कर बिना सूचना पट के यह लाखो रुपए का प्रवेश द्वार बनाया गया है, इसमे जोधपुरी लाल पत्थर लगाए जा रहे है वह भी घटिया किस्म का है। ठेकेदार द्वारा यह प्रवेश द्वार जो कि 72 लाख रुपए की किमत का है को 25.51 प्रतिशत की कम दर पर लिया गया है। इस प्रवेश द्वार में नियमो की अनदेखी की जाकर घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया जा रहा है। जो कि शासन की राशि का दुरुपयोग है। शिकायतकर्ता का निवेदन है कि उक्त कार्य की उचित स्तर पर जांच हो।

### क्या कहते है विभागीय सूत्र

उधर विभागीय सूत्र बताते हैं कि निर्माण एजेंसी भैय्या के मित्र की है, और भैया का पूरा सपोर्ट है, चाहे निर्माण एजेंसी टूटे पत्थरों से द्वार बनाए या घटिया सामग्री लगाए कोई बोलने वाला नहीं , ऐसा नहीं कि भैया निर्माण पर गए नहीं कई बार गए पर टूटे पत्थरों को छुपाने का तरीका बताकर निर्माण को जल्दी खत्म करने की सलाह देते आए हैं, नगर परिषद को पहले भी मटेरियल में गोलमाल और टूटे पत्थरों की मौखिक शिकायत मिली थी, पर आप तो जानते ही हैं, नगर परिषद में ऐसे कई कार्य है जो बिना इंजीनियर की देख रेख में हो रहे हैं, अब समझ ये नहीं आ रहा वह कौन भैया है जिनके शेए पर नगर में भ्रष्टाचार हावी है , बड़ी बात तो यह है जब इंजीनियर में जिस गुणवत्ता पूर्ण काम की लागत 72 लाख रुपए शासकीय रूप से बताई गई है , उस कार्य को नियमानुसार गुणवत्ता पूर्ण कोई भी ठेकेदार 25.51 प्रतिशत के कम दर पर कैसे पूरा कर सकता है, यह अपने आप में एक बड़ा सवाल है। शिकायत की जानकारी सार्वजनिक होने के बाद अब नगर के चौक चौराहों पर कांग्रेस पार्टी को लेकर चर्चाएं तेज हो गई, लोग कांग्रेस और भाजपा को एक ही सिक्के के दो पहलुओं से जोड़कर देख रही है, चर्चा है कि नगर की समस्या और नगरीय क्षेत्र में हो रहे निर्माण कार्यों में कांग्रेस को भ्रष्टाचार नजर नहीं आते, सब एक ही माला के मोती है, लेकिन प्रदेश की समस्या को लेकर कभी पुतला दहन करते नजर आते हैं, तो कभी धरना, तो कभी रैली, पर नगर की समस्या और भ्रष्टाचार कांग्रेस को नजर नहीं आते, ऐसे कई तरह के आरोप विपक्ष की पार्टियों पर भी लगते नजर आ रहे हैं। नगर में चर्चा है कि सारणी और आठनेर की तरह भी भैंसदेही में आम आदमी पार्टी सक्रिय होती तो नगर के मुद्दों और भ्रष्टाचार पूर्ण निर्माण को प्रमुखता से उठाकर सरकार से जवाब मांगती, जिस तरह से सारणी और आठनेर में प्रमुखता से भ्रष्टाचार को सामने लाकर जनता और सरकार तक अपनी आवाज बुलंद करती है, पर भैंसदेही में तो भाजपा और कांग्रेस दोनों मिलकर मलाई खा रहे हैं, तो आवाज उठाएगा कौन।

### हत्या प्रकरण के फरार आरोपियों पर 10-10 हजार रुपए का इनाम घोषित

**अनोखा तीर, बैतूल।** फरियादी विशाल सातनकर पिता स्व. बाबूराव सातनकर, उम्र 31 वर्ष, निवासी सुभाष वार्ड, हमलापुर द्वारा थाना गंज में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि अभियुक्तगण ओमप्रकाश यादव पिता लक्ष्मण यादव निवासी ग्राम बरसाली, नवीन यादव, पिल्लू उर्फ फूलचंद करोचे एवं एक अन्य साथी द्वारा उसके पिता बाबूराव सातनकर के साथ जान से मारने की नियत से मारपीट की गई। उक्त रिपोर्ट पर थाना गंज में अपराध क्र. 98/26 धारा 109(1), 3(5) बीएनएस के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान घायल बाबूराव सातनकर की मृत्यु हो जाने पर प्रकरण में धारा 103(1) बीएनएस का इजाफा किया गया। प्रकरण की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक बैतूल वीरेन्द्र जैन के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती कमला जोशी एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सुनील लाटा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी गंज निरीक्षक नीरज पाल के नेतृत्व में टीम गठित कर आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु कार्यवाही की गई। पुलिस टीम द्वारा आरोपी ओमप्रकाश यादव (उम्र 40 वर्ष), निवासी ग्राम बरसाली पिल्लू उर्फ फूलचंद करोचे (उम्र 21 वर्ष), निवासी ग्राम बरसाली नवीन उर्फ नवीन्द्र यादव (उम्र 25 वर्ष), निवासी ग्राम लाखापुर को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया। प्रकरण के फरार आरोपी संजय यादव पिता राजेश यादव, उम्र 30 वर्ष, निवासी ग्राम लाखापुर आकाश उर्फ रज्जू पिता साहबलाल यादव, उम्र 29 वर्ष, निवासी ग्राम बरसाली की गिरफ्तारी एवं सूचना देने हेतु पुलिस अधीक्षक बैतूल द्वारा प्रत्येक आरोपी पर 10 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया है। उक्त फरार आरोपियों के संबंध में कोई भी जानकारी होने पर निकटतम पुलिस थाना या पुलिस कंट्रोल रूम को सूचित करें।

## सरकारी जमीन पर दोबारा अतिक्रमण

### पूर्व सरपंच ने की सख्त कार्रवाई की मांग



**अनोखा तीर, देवास।**

जिले के टोंकखुर्द तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत हरनावदा में शासकीय भूमि पर दोबारा अतिक्रमण का मामला सामने आया है। इस संबंध में पूर्व सरपंच इंदर सिंह चावड़ा ने मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में आवेदन प्रस्तुत कर सख्त कार्रवाई की मांग की। प्रार्थी इंदर सिंह चावड़ा ने बताया कि ग्राम पंचायत हरनावदा की शासकीय भूमि पर वासुदेव सोलंकी द्वारा पहले भी अवैध कब्जा किया गया था। ग्रामीणों की शिकायत के बाद तहसीलदार टोंकखुर्द द्वारा विभिन्न आदेशों के माध्यम से कार्रवाई करते हुए जेसीबी से अतिक्रमण हटाया गया था और वहां शासकीय भूमि का बोर्ड भी लगाया गया था। हालांकि, आरोप है कि वासुदेव सोलंकी ने उक्त बोर्ड को तोडक़र पुनः उसी भूमि पर अवैध निर्माण कर अतिक्रमण कर लिया है। इस घटना से ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है और प्रशासन की कार्रवाई पर भी सवाल उठ रहे हैं। इस संबंध में पूर्व में भी शिकायत की गई, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। पूर्व सरपंच ने कलेक्टर से मांग की है कि उक्त शासकीय भूमि से पुनः अतिक्रमण हटाया जाए तथा आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर रोक लग सके।

## 25 अप्रैल को आधार अपडेट के लिए विशेष अभियान

**अनोखा तीर, देवास।**

आम नागरिकों की सुविधा के लिए 25 अप्रैल को सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक जिला देवास के विभिन्न डाकघरों में आधार नामांकन एवं अपडेट हेतु विशेष अभियान आयोजित किया जाएगा। इस अभियान के तहत प्रधान डाकघर देवास सहित सोनकच्छ, हाटपिपलिया, कन्नौद, खातेगांव एवं बागली डाकघरों में नागरिक अपने आधार कार्ड से जुड़े आवश्यक संशोधन जैसे नाम, पता, जन्मतिथि, मोबाइल नंबर एवं बायोमेट्रिक अपडेट आसानी से करवा सकेंगे। यह सेवा भारत सरकार द्वारा निर्धारित शुल्क पर उपलब्ध रहेगी। अभियान को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए संबंधित डाकघरों में अतिरिक्त व्यवस्थाएं की गई हैं, जिससे अधिक से अधिक लोगों को त्वरित और सहज सेवा मिल सके। पोस्टमास्टर, प्रधान डाकघर देवास ने जानकारी देते हुए बताया कि इस विशेष अभियान के लिए 23 एवं 24 अप्रैल को संबंधित डाकघरों में टोकन वितरित किए जाएंगे। इच्छुक नागरिकों से अपील की गई है कि वे समय रहते टोकन प्राप्त कर लें, ताकि 25 अप्रैल को अपने आधार संबंधी कार्य बिना किसी परेशानी के पूर्ण करा सकें। पोस्टमास्टर प्रधान डाकघर, देवास सभी नागरिकों से आग्रह है कि इस विशेष अवसर का अधिकतम लाभ उठाते हुए निर्धारित तिथि और समय पर संबंधित डाकघरों में पहुंचें।

# मीणा समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन संपन्न

**अनोखा तीर, खातेगांव।**




अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर मीणा समाज द्वारा आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन 2026 का भव्य, ऐतिहासिक एवं अनुकरणीय आयोजन खातेगांव स्थित वृंदावन गार्डन में अत्यंत गरिमामय वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस आयोजन ने समाज में एकता, सहयोग, सादगी एवं संस्कारों की भावना को सशक्त रूप से प्रदर्शित किया।

कार्यक्रम में लगभग 5 हजार से अधिक समाजबंधुओं, गणमान्य अतिथियों एवं विभिन्न क्षेत्रों से पधारे लोगों की उत्साहपूर्ण उपस्थिति रही, वहीं 26 नवविवाहित जोड़े वैदिक विधि-विधान एवं सामाजिक परंपराओं के अनुसार परिणय सूत्र में बंधे। पूरे आयोजन में पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ उत्कृष्ट व्यवस्थाओं का सुंदर समन्वय देखने को मिला, जिसने उपस्थित सभी लोगों को प्रभावित किया। यह विशाल एवं सुव्यवस्थित आयोजन मीणा समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन 2026 के अध्यक्ष धर्म सिंह पटेल एवं मीणा समाज खातेगांव के अध्यक्ष गोपाल पटेल के कुशल नेतृत्व में संपन्न हुआ। वरिष्ठजनों के मार्गदर्शन, समाजसेवियों के सहयोग एवं युवाओं की अथक मेहनत ने इस आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम में भोपाल, इंदौर, भैरूंदा, सतवास, हरदा सहित विभिन्न क्षेत्रों से पधारे अतिथियों एवं मीणा समाज के अनेक प्रतिष्ठित समाजसेवियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी अतिथियों ने इस आयोजन की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक एवं अनुकरणीय पहल बताया। कार्यक्रम का संचालन बंसीलाल बेडवाल एवं कमल पटेल द्वारा अत्यंत प्रभावशाली एवं व्यवस्थित ढंग से किया गया, जिससे पूरे आयोजन में उत्साह, अनुशासन एवं ऊर्जा बनी रही। मंच से समाज में एकता, शिक्षा, सादगीपूर्ण विवाह एवं सामाजिक जागरूकता के संदेश भी दिए गए, जिन्हें उपस्थित जनसमूह ने सराहा। नवविवाहित जोड़ों के माता-पिता ने सामूहिक विवाह सम्मेलन की उत्कृष्ट व्यवस्था, सादगीपूर्ण आयोजन एवं सम्मानजनक वातावरण की खुलकर प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज के आर्थिक बोझ को कम करने के साथ-साथ सामाजिक एकता को भी मजबूत करते हैं। इस अवसर पर सभी नवदंपत्तियों एवं अतिथियों को भगवान मीनेष की प्रतिमा गोलू मीणा द्वारा उनके स्वर्गीय पिता रामभरोस धनावत की स्मृति में सप्रेम भेंट की गई। इसके साथ ही भागवत मीणा द्वारा सभी जोड़ों एवं अतिथियों को रामायण ग्रंथ वितरित कर आशीर्वाद प्रदान किया गया, जिससे आयोजन का आध्यात्मिक महत्व और अधिक बढ़ गया। कार्यक्रम के दौरान महिला शक्ति की सक्रिय भागीदारी, युवाओं का अनुशासित सहयोग एवं समाज के वरिष्ठजनों का मार्गदर्शन विशेष रूप से उल्लेखनीय रहा। आयोजन स्थल पर स्वागत, भोजन, आवास, सुरक्षा एवं अन्य व्यवस्थाएं अत्यंत सुव्यवस्थित एवं संतोषजनक रहीं, जिसकी सभी उपस्थित जनों ने सराहना की। अध्यक्ष मीणा समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन धर्म सिंह पटेल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन पर सभी समिति सदस्यों एवं प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग करने वाले सभी सामाजिक बंधुओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आप सभी के सहयोग से ही यह कार्यक्रम इतना भव्य और विशाल स्वरूप ले पाया है। साथ ही, इस सफल आयोजन को देखते हुए समाज के वरिष्ठजनों एवं सभी सामाजिक बंधुओं द्वारा सर्वसम्मति से आगामी मीणा समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन 2027 के लिए पुनः धर्म सिंह पटेल को अध्यक्ष नियुक्त किया गया। उनकी समाज के प्रति लगन, मेहनत एवं निष्ठा को देखते हुए उन्हें एक बार फिर यह जिम्मेदारी सौंपी गई। समापन अवसर पर आयोजक समिति द्वारा सभी अतिथियों, समाजसेवियों, सहयोगियों एवं समाजबंधुओं का आभार व्यक्त किया गया तथा भविष्य में ऐसे आयोजनों को और अधिक भव्य स्वरूप देने का संकल्प लिया गया।

# समरसता नगर में पक्की छतों का काम तेज नपा अध्यक्ष ने लिया प्रगति का जायजा



**अनोखा तीर, इटारसी।**

न्यास कॉलोनी के पीछे स्थित समरसता नगर के 50 गरीब परिवारों का पक्की छत का सपना अब जल्द ही हकीकत में बदलने वाला है। मंगलवार को नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने कार्यस्थल का औचक निरीक्षण कर प्रगति देखी। वर्तमान में निर्माण स्थल पर पिलर डालने का काम पूरा हो चुका है और अब छतों को ढालने की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। निरीक्षण के दौरान उनके साथ नपा उपयंत्री मयंक अरोरा भी मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि 14 मार्च को इस कार्य के लिए भूमिपूजन हुआ था। नपा अध्यक्ष ने उपयंत्री मयंक अरोरा को निर्देश दिए कि निर्माण की गुणवत्ता में कोई समझौता न हो और कार्य समय सीमा के भीतर पूरा किया जाए ताकि बारिश से पहले इन गरीब परिवारों को टपकती छतों से निजात मिल सके।

### जनसुनबाई में फूटा आक्रोश

# सहकारी समिति पर फर्जी ऋण चढ़ाने का आरोप

**अनोखा तीर, सेमरी हरचंद/सोहागपुर।** ग्राम पंचायत की सभाकक्ष में मंगलवार को आयोजित जनसुनबाई में क्षेत्र के ग्रामीणों एवं नगरवासियों ने अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे और अधिकारियों के समक्ष अपनी शिकायत दर्ज कराई। जनसुनबाई में सबसे गंभीर शिकायत सोहागपुर की आदिम जाति सेवा सहकारी समिति पर फर्जी तरीके से किसान के नाम ऋण चढ़ाने को लेकर सामने आई। जवाहर वार्ड, सोहागपुर निवासी बालाराम विश्वकर्मा पिता नन्हेवीर विश्वकर्मा, आयु लगभग 67 वर्ष ने अनुविभागीय अधिकारी को दिए आवेदन में बताया कि आदिम जाति सेवा सहकारी समिति सोहागपुर के द्वारा उनके नाम पर 17,200 रुपए का ऋण फर्जी तरीके से ऑनलाइन चढ़ा दिया गया है, जबकि उन्होंने समिति से न तो कभी कोई बीज उधार लिया और न ही कोई खाद्य सामग्री। धनमंती रघुवंशी पति जीवनलाल रघुवंशी जवाहर वार्ड ने आवेदन में बताया कि उनके नाम पर 20326 रुपए का ऋण फर्जी तरीके से चढ़ाया गया है, महेश रघुवंशी पिता रमेश रघुवंशी निवासी जवाहर वार्ड ने आवेदन में बताया कि उनके नाम पर 7800 का फर्जी ऋण दर्शाया गया है जबकि उन्होंने दिनांक 30 मई 2021 को ही सहकारी समिति सोहागपुर को राशि जमा कर दी थी। भुगतान के बावजूद समिति उनके खाते पर यह राशि बकाए दिख रही है, रामसिंह रघुवंशी निवासी सोहागपुर ने अभी 36 हजार रुपए की ऋण राशि खाते में बकाया दिख रही है जिसकी शिकायत जनसुनवाई में की गई। आवेदकों ने स्पष्ट किया कि सोहागपुर समिति के ऋण रजिस्टर पर उनके अंगूठे का निशान अथवा हस्ताक्षर कहीं भी नहीं हैं, और न ही उनके नाम से समिति द्वारा कोई परमिट काटा गया है। बालाराम विश्वकर्मा ने बताया कि जिला सहकारी केंद्रीय बैंक शाखा सोहागपुर में उनके बचत खाता पर यह फर्जी ऋण चढ़ाए जाने के कारण अब समिति उन्हें खाद्य सामग्री देने से इनकार कर रही है, जिससे उनके कृषि कार्य में भारी परेशानी उत्पन्न हो रही है। जब वे बैंक शाखा में पूछताछ करने गए तो शाखा प्रबंधक एवं लिपिक कर्मचारियों ने मौखिक रूप से कहा कि उनके खाते में कोई बकाया नहीं है, परंतु यही बात लिखित में देने से वे भी आनाकानी कर रहे हैं। आवेदक ने मांग की है कि समिति प्रबंधक द्वारा उनके नाम पर चढ़ाए गए फर्जी ऋण को तत्काल समाप्त कराया जाए और इस कार्य में संलिप्त लोगों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की जाए। सेमरी हरचंद ग्राम पंचायत में मंगलवार को हुई जनसुनवाई में सोहागपुर एवं सेमरी हरचंद से कुल छह आवेदन प्राप्त हुए। इनमें दामोदर पटेल द्वारा एमपीईबी (बिजली विभाग) के विरुद्ध शिकायत, समस्त ग्रामवासी सेमरी हरचंद द्वारा बीडब्ल्यूडी एवं पंचायत संबंधी शिकायत, तथा सोहागपुर में सहकारी समिति द्वारा फर्जी लोन चढ़ाने की शिकायतें प्रमुख रहीं। आवेदकों ने प्रशासन से मांग की है कि सहकारी समितियों में हो रही इस प्रकार की अनियमितताओं की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए और दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाए।

**स्वामी,** प्रकाशक एवं मुद्रक प्रहलाद शर्मा द्वारा श्री सिद्धीविनायक प्रिंटर्स, देशबंधु परिसर, प्लॉट नं.26-बी, प्रेस कॉम्पलेक्स, जोन-1, एम.पी.नगर, भोपाल,म.प्र. से मुद्रित अनोखा तीर कार्यालय नया बस स्टैंड के सामने, हरदा, म.प्र. से प्रकाशित। **प्रधान संपादक** सुरेश लोहाना / **संपादक** प्रहलाद शर्मा / **प्रबंध संपादक** महेश कौशिक। फोन : 07577-226771 मो.9425045480, समाचार चयन के लिए पी.आर. बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। **सभी विवादों का न्याय क्षेत्र हरदा रहेगा।**

# 13 जोड़े बंधे परिणय सूत्र में

## बुंदेलखंडी गौर समाज का 51वां सामूहिक विवाह सम्मेलन संपन्न



**अनोखा तीर, हरदा।** बुंदेलखंडी कुर्मी गौर समाज संगठन, जिला हरदा के तत्वावधान में आयोजित 51वें सामूहिक विवाह सम्मेलन में 13 जोड़े विधिवत विवाह बंधन में बंधे। जिला मुख्यालय स्थित समाज के छात्रावास परिसर में आयोजित इस भव्य समारोह में समाज के पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और बड़ी संख्या में समाजजनों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में समाज के अध्यक्ष नर्मदा प्रसाद गौर एवं विवाह समिति के अध्यक्ष राधेश्याम गौर ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए उनके सुखद वैवाहिक जीवन की कामना की। उन्होंने कहा कि सामूहिक विवाह जैसे आयोजन सामाजिक एकता, सहयोग और सादगी का प्रतीक हैं, जो समाज को नई दिशा देते हैं। इस अवसर पर वक्ताओं ने सामूहिक विवाह के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि ऐसे आयोजन सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करने में सहायक होते हैं। सामूहिक विवाह से विवाह में होने वाले अनावश्यक खर्चों में कमी आती है, जिससे आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को बड़ी राहत मिलती है। इसके साथ ही दहेज प्रथा जैसी कुप्रथाओं पर भी अंकुश लगता है और समाज में समानता एवं सद्भाव की भावना मजबूत होती है। सामूहिक विवाह सामाजिक समरसता को बढ़ावा देते हुए समाज के सभी वर्गों को एक मंच पर लाने का कार्य करता है। आयोजन की सफलता में विवाह समिति, संरक्षक मंडल एवं जिला संगठन के मार्गदर्शन में विभिन्न समितियों ने अपनी जिम्मेदारियों का कुशलतापूर्वक निर्वहन किया। नगर इकाई हरदा द्वारा पार्किंग, भोजन व्यवस्था एवं समग्र प्रबंधन संभाला गया। निर्माण समिति ने आवागमन की व्यवस्था सुचारू रखी, वहीं छात्रावास समिति ने कार्यक्रम की सुव्यवस्थित कार्ययोजना सुनिश्चित की। युवा वाहिनी ने आकर्षक मंडप सज्जा की, जबकि ग्राम इकाई बरखेड़ी के युवा संगठन ने शीतल जल की व्यवस्था की। डायमंड परिवार द्वारा उत्कृष्ट भोजन काउंटर सेवा प्रदान की गई। आयोजन में विशेष सहयोग शिक्षक जगदीश गौर की ओर से एक कन्या की राशि 12500 जमा कराई गई। पार्किंग व्यवस्था में ग्राम बालागांव के ग्राम सुरक्षा समिति के सदस्यों द्वारा व्यवस्था संभाली गई। समाज के सभी पदाधिकारियों, ग्राम इकाइयों के प्रतिनिधियों, माताओं-बहनों और युवा साथियों के सहयोग से यह आयोजन ऐतिहासिक एवं सफल रहा। जिला संगठन हरदा की ओर से सभी सहयोगियों के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया गया।

## सार-समाचार



### अंतर्राज्यीय धोखाधड़ी गिरोह के तीन सदस्य गिरफ्तार

**अनोखा तीर, सीहोर।** जिला पुलिस सीहोर द्वारा संगठित अपराधों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना रेहटी पुलिस को बड़ी सफलता प्राप्त हुई है। पुलिस अधीक्षक सीहोर दीपक कुमार शुक्ला, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती सुनीता रावत एवं एसडीओपी बुदनी रवि शर्मा के निर्देशन में गठित टीम द्वारा अंतर्राज्यीय धोखाधड़ी करने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है।

**घटना का विवरण:** फरियादी पंकज चन्द्रवंशी, निवासी रेहटी द्वारा थाना रेहटी में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि आरोपियों द्वारा मक्का की लगभग 6500 क्विंटल फसल की खरीदी कर फर्जी जीएसटी दस्तावेजों के माध्यम से धोखाधड़ी की गई एवं भुगतान किए बिना फरार हो गए। इस पर थाना रेहटी में अपराध क्रमांक 178/26, धारा 318(4) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

**पुलिस कार्रवाई:** प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए निरीक्षक राजेश कहारे के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। तकनीकी साक्ष्यों एवं सूचनाओं के आधार पर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपियों ने अपराध स्वीकार किया।

**गिरफ्तार आरोपी:** विनोद कलवानी (45 वर्ष), निवासी रायपुर, छत्तीसगढ़, मनोज कुमार (47 वर्ष), निवासी शाहदरा, दिल्ली, राजेश चवारे (34 वर्ष), निवासी नागपुर/पांढुर्णा क्षेत्र। प्रकरण में अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

**अपराध का तरीका:** आरोपी अलग-अलग नाम एवं मोबाइल नंबर का उपयोग कर स्वयं को ब्रोकर बताकर व्यापारियों से संपर्क करते थे। प्रारंभ में कम मात्रा में माल खरीदकर भुगतान करते थे, जिससे विश्वास अर्जित हो सके। इसके बाद बड़ी मात्रा में कृषि उपज मंगवाकर भुगतान किए बिना मोबाइल बंद कर फरार हो जाते थे।

**अन्य राज्यों में अपराध:** उक्त आरोपियों में से कुछ के विरुद्ध उत्तर प्रदेश, हरियाणा, महाराष्ट्र, राजस्थान, दिल्ली एवं अन्य राज्यों में भी धोखाधड़ी के प्रकरण दर्ज हैं। कई स्थानों पर जांच जारी है तथा चेक बाउंस के मामलों में न्यायालय से वारंट भी जारी किए गए हैं।

**पुलिस टीम की सराहनीय भूमिका:** उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी रेहटी निरीक्षक राजेश कहारे, उपनिरीक्षक सुशील पाण्डेय, प्रधान आरक्षक महेन्द्र सिंह, आरक्षक योगेश कटारे एवं आरक्षक विकास नागर की सराहनीय भूमिका रही।

### वन विभाग के कर्मचारियों के बच्चों को डीएफओ ने किया सम्मानित



**अनोखा तीर, रहटगांव।** मंगलवार को वन मंडल कार्यालय हरदा सामान्य में वनमंडल अधिकारी हरदा सामान्य ज्योति मुड़िया ने वन विभाग के कर्मचारियों के उन बच्चों को, जिन्होंने इस वर्ष कक्षा 12वीं एवं कक्षा 10वीं में 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं, उनके अभिभावकों सहित वन मंडल कार्यालय हरदा में बुलाकर सम्मानित किया। सम्मानित बच्चों में थल वंदना मल्हारे, पिता रामस्वरूप मल्हारे (वनरक्षक) शामिल हैं, जिन्होंने कक्षा 10वीं में 98.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर हरदा जिले में प्रथम स्थान एवं प्रदेश में नौवां स्थान हासिल किया। इसके अलावा हर्षित कुशवाह, दृष्टि बिल्लौरे, अथर्व शर्मा, प्रिंस नटेरिया, दिव्यांशु बामने और प्राची जामोद को भी पुष्पहार पहनाकर, प्रशस्ति पत्र एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया। वनमंडल अधिकारी हरदा सामान्य ज्योति मुड़िया ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें आगे भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर वन परिक्षेत्र अधिकारी मगरधा सामान्य मुकेश रघुवंशी सहित हरदा वनमंडल के समस्त कर्मचारी मौजूद रहे।



## विधायक ने दिलवाई जले हुए गेहूं की उचित कीमत

### आगजनी से घर पर रखा गेहूं हो गया था खराब

**अनोखा तीर, सिराली।** वनग्राम बड़झिरी के अग्नि पीड़ित किसानों के लिए मंगलवार का दिन राहत भरा साबित हुआ। कृषि उपज मंडी में जहां उनकी आग से क्षतिग्रस्त गेहूं की फसल को शुरुआत में मात्र 400 रुपए प्रति क्विंटल का भाव मिल रहा था, वहीं विधायक अभिजीत शाह के हस्तक्षेप के बाद यही फसल 2200 से 2500 प्रति क्विंटल तक बिकी। जानकारी के अनुसार आग से प्रभावित किसान सुबह 9 बजे से ही अपनी फसल लेकर मंडी पहुंच गए थे, लेकिन क्षतिग्रस्त स्थिति के कारण व्यापारियों द्वारा बेहद कम भाव लगाए जा रहे थे, जिससे किसानों में निराशा का माहौल था। मामले की जानकारी मिलने पर विधायक अभिजीत शाह तत्काल मंडी पहुंचे। उन्होंने व्यापारियों से भावनात्मक अपील करते हुए कहा कि जली फसल मत देखिए, यह किसान की खून-पसीने की कमाई है। मुनाफे से ऊपर उठकर किसान की मेहनत का सम्मान करें। विधायक की इस अपील का असर नीलामी में तुरंत देखने को मिला। इसके बाद व्यापारियों ने पुनः नीलामी में भाग लिया और फसल के दाम 2200 से 2500 प्रति क्विंटल तक पहुंच गए। इस दौरान कुल 66 क्विंटल गेहूं की फसल तीन किसानों से खरीदी गई। जिसमें बड़झिरी के किसान रमेश की 30 क्विंटल फसल 2201 प्रति क्विंटल, सुक्कू की 26 क्विंटल फसल 2500 प्रति क्विंटल एवं अशोक की 10 क्विंटल फसल 2500 प्रति क्विंटल के भाव से खरीदी गई। यह खरीदी मंडी के व्यापारी आनंद सीड्स और माहेश्वरी मार्केटिंग द्वारा की गई। फसल का उचित मूल्य मिलने पर प्रभावित किसानों के चेहरे खिल उठे। उन्होंने मंडी परिसर में ताली बजाकर विधायक और व्यापारियों का आभार व्यक्त किया। यह घटनाक्रम न केवल जनप्रतिनिधि की संवेदनशीलता को दर्शाता है, बल्कि मंडी व्यापारियों की सकारात्मक पहल भी सामने लाता है, जिन्होंने नुकसान झेल रहे किसानों के हित में आगे बढ़कर सहयोग किया।

## सशस्त्र सेना झंडा दिवस निधि में हरदा को प्रदेश में द्वितीय स्थान

### राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कलेक्टर श्री जैन को किया सम्मानित



**अनोखा तीर, हरदा।** लोक भवन, भोपाल में आयोजित समामेलित विशेष निधि प्रबंधन समिति की 25वीं वार्षिक बैठक में मध्यप्रदेश के जिलों की उत्कृष्ट उपलब्धियों को सम्मानित किया गया। बैठक की अध्यक्षता महामहिम राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने की। इस अवसर पर सशस्त्र सेना झंडा दिवस निधि वर्ष 2024-25 के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्य से अधिक अनुदान राशि एकत्रित करने वाले जिलों को सम्मानित किया गया। इस दौरान हरदा जिले ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए अपने निर्धारित लक्ष्य 2 लाख 75 हजार 900 रुपये के विरुद्ध 6 लाख 20 हजार 725 रुपये की राशि एकत्रित कर पूरे प्रदेश में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। जिले की इस उत्कृष्ट उपलब्धि पर महामहिम राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने सिविल सेवा दिवस के अवसर पर कलेक्टर सिद्धार्थ जैन को प्रशस्ति पत्र एवं ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने इस अवसर पर बताया कि हरदा जिला 'झंडा दिवस निधि' के लिये लक्ष्य से अधिक राशि संग्रहण के मामले में पिछले 11 वर्षों से लगातार प्रदेश में 'प्रथम तीन' जिलों में शामिल रहकर यह सम्मान प्राप्त करता रहा है।

## सर्वब्राह्मण समाज संगठन के टैलेंट शो में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा





**अनोखा तीर, हरदा।** सर्वब्राह्मण समाज संगठन द्वारा आयोजित पांच दिवसीय परशुराम जन्मोत्सव के अंतर्गत मंगलवार को महिला संगठन द्वारा स्थानीय बाविसा ब्राह्मण समाज धर्मशाला में दोपहर 3 बजे से बालक-बालिकाओं के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इस दौरान 13 वर्ष तक आयु वर्ग के बालक-बालिकाओं ने टैलेंट शो में भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य कार्यकारिणी के पदाधिकारियों द्वारा दीप प्रज्वलन से हुई। कार्यक्रम के शुभारंभ के दौरान सर्वब्राह्मण समाज संगठन के अध्यक्ष सुनील तिवारी, संरक्षक चंद्रकांत शुक्ला, महामंत्री उत्तम तेनगुरिया, संयोजक नितेश बादर, नगर अध्यक्ष दीपक शुक्ला, सुदीप मंडलोई सहित पदाधिकारी उपस्थित रहे। स्वागत उद्बोधन महिला अध्यक्ष विनीता राजोरिया ने व्यक्त किया। सचिव अदिति गुरु ने कार्यक्रम की जानकारी दी। इस दौरान बालक-बालिकाओं ने टैलेंट शो में गायन, वादन, नृत्य, मिमिक्री विधा में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। वहीं 'पहले आओ, पहले पाओ' के अंतर्गत इनाम का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान महिला संगठन द्वारा वरिष्ठ महिला सदस्यों का सम्मान कर आशीर्वाद लिया गया। प्रतियोगिताओं में निर्णायक मंडल में गीता गद्रे टिमरनी, उपप्राचार्य निशा तिवारी, स्वाति जपे उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन अश्लेषा शुक्ला ने किया। अंत में आभार अदिति गुरु ने किया। इस दौरान बड़ी संख्या में महिलाएं एवं बालक-बालिकाएं उपस्थित रहे।

**प्रतिभा दिखाकर बनाया अपना स्थान**

टैलेंट शो में आयु सीमा 1 से 6 वर्ष तक में नृत्य में वैदिक शर्मा प्रथम, अद्विक शर्मा द्वितीय, गौरांश तिवारी तृतीय स्थान पर रहे। गायन में 1 से 6 आयु वर्ग में शिवाय शुक्ला प्रथम, अनायका शर्मा द्वितीय, अवन्या पंडित तृतीय स्थान पर रहीं। 7 से 13 वर्ष आयु वर्ग में नृत्य में आदित्री शर्मा ने पहला, स्वस्तिका शर्मा ने दूसरा, काव्यांश जैसानी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। वादन में आरंभ भट्ट ने पहला, वत्सल पाराशर ने दूसरा, अदम्य शर्मा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

**फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन:** फैंसी ड्रेस में 1 से 6 आयु वर्ग में शिवाय शुक्ला प्रथम, शिवायु त्यागी द्वितीय, अनायका शर्मा तृतीय स्थान पर रहे। वहीं 7 से 13 वर्ष आयु वर्ग में शिवांसी तिवारी प्रथम, लक्ष्य शुक्ला द्वितीय, पूर्णिमा डाले तृतीय स्थान पर रहीं।

## अग्निपीड़ित परिवारों की मदद के लिए आगे आया माहेश्वरी समाज

### छत की व्यवस्था से मिली बड़ी राहत





**अनोखा तीर, सिराली।** वनवासी ग्राम बड़झिरी में विगत दिनों लगी भीषण आग की घटना के बाद प्रभावित 8 परिवारों का जीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया था। आगजनी में कच्चे मकान सहित घरों में रखा अनाज, कपड़े और दैनिक उपयोग का सामान जलकर राख हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्रभर में संवेदनशीलता देखने को मिली और दूसरे ही दिन से सामाजिक संगठनों एवं दानदाताओं द्वारा राहत सामग्री पहुंचाने का सिलसिला शुरू हो गया। प्रारंभिक दौर में पीड़ित परिवारों को खाद्यान्न, कपड़े और बर्तन जैसी आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई गई, जिससे उनका दैनिक जीवन किसी तरह पटरी पर आने लगा। हालांकि सबसे बड़ी समस्या सिर छुपाने के लिए छत की थी, जो बेहद गंभीर और चुनौतीपूर्ण बनी हुई थी। ऐसे में माहेश्वरी समाज हरदा ने सराहनीय पहल करते हुए पीड़ित परिवारों के लिए टीन शेड उपलब्ध कराने का निर्णय लिया। समाज द्वारा सभी 8 परिवारों को 12 फीट लंबे और 4 फीट चौड़े 7-7 टीन प्रदान किए गए, जिससे उनके लिए अस्थायी आवास की व्यवस्था संभव हो सकी। इस पुनीत कार्य में सिराली विद्युत मंडल के अधिकारी योगेश गौर ने भी सहयोग करते हुए 21 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की, जिससे राहत कार्य को और मजबूती मिली। माहेश्वरी समाज हरदा के अध्यक्ष राजीव मोहता, जिला अध्यक्ष विजय सोमानी, अमित तोषनीवाल, महेश सादानी, उपाध्यक्ष वल्लभ तोषनीवाल एवं गिरिराज तोतला, कुंज बिहारी सोमानी स्वयं बड़झिरी पहुंचे। उन्होंने पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी और राहत सामग्री वितरित की। इस दौरान समाज के प्रतिनिधियों ने हर संभव सहयोग का आश्वासन भी दिया। ग्रामवासियों एवं प्रभावित परिवारों ने माहेश्वरी समाज हरदा और योगेश गौर के इस मानवीय सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए उनकी मुक्त कंठ से सराहना की। साथ ही आगे भी इसी प्रकार सहयोग बनाए रखने की अपेक्षा जताई। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व लायंस क्लब द्वारा भी भीषण गर्मी को देखते हुए प्रभावित परिवारों के लिए पंखों की व्यवस्था की गई थी। इस प्रकार विभिन्न सामाजिक संगठनों के संयुक्त प्रयासों से पीड़ित परिवारों को राहत पहुंचाने का कार्य निरंतर जारी है, जो सामाजिक एकजुटता और मानवीय संवेदनाओं का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करता है।



## कृषि विज्ञान केंद्र मूंग उत्पादक किसानों को सलाह

**अनोखा तीर, हरदा।** कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिकों ने मंगलवार को ग्राम बालागांव में किसान के प्रक्षेत्र पर भ्रमण किया। इस दौरान किसान राकेश गौर ने मूंग की फ़सल सूखने की समस्या से अवगत कराया, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं केन्द्र प्रमुख डॉ. संध्या मुरे व डॉ ओमप्रकाश भारती ने खेत का नैदानिक भ्रमण किया और पाया कि जहां जल भराव की स्थिति है वहां कुछ पौधे सूख रहे हैं जो कि जड़ सड़न फफूंद रायजोटोनिया प्रजाति द्वारा होता है। उन्होने जड़ सड़न के प्रबंध हेतु सलाह दी कि ट्राईकोडरमा प्रजाती अथवा स्पूडोमोनास प्रजाती को 2-3 लीटर 1 क्विंटल गोबर के खाद में मिलाकार, 1 एकड़ हेतु बोनी के 15 दिन पहले नमी की उपस्थति में छायादार स्थान पर मिलकार रखें और नमी बनाय रखें इस मिश्रण को बोनी के पहले जुताई के साथ खेत में मिला दें तथा फफूंदनाशी द्वारा बीज उपचार करें, संक्रमण को आगे फेलने से रोकने के लिए टेबुकोनाज़ोल+ सल्फर को 400 ग्राम प्रति एकड़ की दर से छेड़छाड़ करें। डॉ. मुरे ने जिले के अन्य किसानों को यह भी सलाह दी कि मूंग फसल में फूल आने से पहले अगर छोटी इल्ली और मच्छर दिखाई देते हैं तो उसके लिए बायफेन्थ्रीन 10 ईसी 200 एमएल प्रति एकड़ छिडकाव करें। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए कृषि विज्ञान केंद्र हरदा में संपर्क किया जा सकता है।